दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 06
अंकः- 168
मुरादाबाद
(Thursday)
08 October 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## ऑपरेशन सिंदूर से 'मेड-इन-इंडिया' विमान तकः पीएम मोदी ने बताया बड़ा लक्ष्य, कैप्टन स्मित मच्छार का किया जिक्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत संकल्प सभा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपने भाषण में भारतीय पायलट स्मिथ मच्छार का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आज दुनिया में भारत के पायलट की चर्चा है लेकिन भविष्य में 'मेड-इन-इंडिया' विमान की बात होगी। इसके साथ ही उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ की गई ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सार्वजनिक जीवन में 25 साल पूरे कर लिए। इस मौके पर दिल्ली के इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडियम में उन्होंने विकसित भारत संकल्प सभा कार्यक्रम आयोजित किया। इस

दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लाईदुबई की घटना का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आज दुनिया भर में भारतीय पायलट की चर्चा हो रही है। वह दिन भी दूर नहीं, जब पूरी दुनिया 'मेड-इन-इंडिया' विमान की बात करेगी। लक्ष्यों को हासिल करने के लिए दूरदर्शी नीतियां बनानी होंगी पीएम मोदी ने कहा कि इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए दूरदर्शी नीतियां बनानी होंगी और साथ ही पूरी मेहनत भी करनी होगी। यह आराम करने का समय नहीं है, बल्कि पूरे जोश के साथ आगे बढ़ने और खुद को राष्ट्र के लिए पूरी तरह समर्पित करने का समय है। प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की कार्रवाई का जिक्र करते हुए कहा कि आतंकवादियों के आकाओं को घर में घुसकर मारा गया, आतंकवाद पर घर में घुसकर कार्रवाई की गई और दुश्मनों को भारत की ताकत दिखाई गई।प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया भारतीय पायलट की चर्चा कर रही है। आने वाले समय में दुनिया 'मेड-इन-इंडिया' विमान की भी चर्चा करेगी। उन्होंने कहा कि यह लक्ष्य सिर्फ बातों से हासिल नहीं होगा। इसके लिए ऐसी नीतियां बनानी होंगी, जो आने वाले समय की जरूरतों को समझें।

इसके साथ ही देश को आगे ले जाने के लिए दिन-रात मेहनत करनी होगी। पीएम मोदी ने साफ कहा कि अभी रुकने या पीछे देखने का समय नहीं है। देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए पूरी ताकत और नए उत्साह के साथ आगे बढ़ना होगा।प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की कार्रवाई का जिक्र करते हुए कहा कि आतंकवादियों के आकाओं पर घर में घुसकर हमला किया गया। आतंकवाद के खिलाफ भारत ने घर में घुसकर कार्रवाई की और दुश्मनों को भारत की ताकत का एहसास कराया। उनके इस बयान में आतंकवाद के खिलाफ भारत की बदली हुई नीति और निर्णायक कार्रवाई का संदेश साफ नजर आया। 25 साल का भरोसा और अनुभव देश की बड़ी पूंजी- प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 25 साल का जनविश्वास और 25 साल का अनुभव उनके लिए बड़ी पूंजी है। लेकिन यह पूंजी केवल उनकी नहीं, बल्कि देश की है और मां भारती की हर संतान इस पूंजी की अधिकारी है। उन्होंने अपने स्कूल के दिनों को याद करते हुए कहा कि सीखने की ललक उनके जीवन का हिस्सा बन गई। पीएम मोदी ने कहा कि वह आज भी खुद को विद्यार्थी मानते हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने ईश्वर से हमेशा यही मांगा कि उनके भीतर सीखने की इच्छा कभी कम न हो। जिसने गिराया, उसने उठना सिखाया; विरोध ने लोकतंत्र समझाया पीएम मोदी ने कहा कि जब वह पीछे मुड़कर देखते हैं तो मन में कृतज्ञता का भाव आता है। जीवन में हुई हर घटना ने उन्हें कुछ न कुछ सिखाया। जिसने उन्हें गिराया, उसी ने खड़ा होना सिखाया और जिसने विरोध किया, उसने लोकतंत्र की ताकत को समझने का मौका दिया। उन्होंने कहा कि हर संकट उनके धैर्य की परीक्षा रहा, जबकि हर सफलता ने उन्हें बड़े लक्ष्यों की तरफ बढ़ने की ताकत दी। प्रधानमंत्री ने अपने सार्वजनिक जीवन के अनुभवों को देश की यात्रा से जोड़ते हुए कहा कि इन अनुभवों ने उन्हें लगातार सीखने और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।'हम सेवक हैं, सेवा हमारा धर्म है'-प्रधानमंत्री ने कहा कि वेद से लेकर स्वामी विवेकानंद तक जिस राष्ट्र ने महान विचारों की परंपरा को आगे बढ़ाया है, जिस देश का अनुभव हजारों वर्षों का है और जिसने पूरी मानवता को इंसानियत पर भरोसा करना सिखाया है, वहां उन्हें कभी यह महसूस नहीं हुआ कि वह अकेले हैं। पीएम मोदी ने कहा कि हम सेवक हैं और सेवा ही हमारा धर्म है। दीन-दुखियों की सेवा करना भी हमारा धर्म है। उन्होंने कहा कि देश और समाज की सेवा की भावना ही सार्वजनिक जीवन की सबसे बड़ी ताकत है। पुराने सफर को याद करने का नहीं, नए संकल्प लेने का दिन- प्रधानमंत्री ने सार्वजनिक जीवन की अपनी यात्रा के हर पड़ाव पर साथ देने वाले स्वयंसेवकों और कार्यकर्ताओं को सम्मानपूर्वक नमन किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन केवल पुरानी यादों को ताजा करने का दिन नहीं है। यह अपने संकल्पों को नई ऊर्जा देने का अवसर है। पीएम मोदी ने कहा कि यह उस वादे और इरादे को दोहराने का दिन है कि हम करके रहेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा, 'वी विल डू इट। वी विल डू इट।' उन्होंने कहा कि लाल किले से उन्होंने 'सबका प्रयास' की बात कही थी और भारत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए जरूरी जज्बा एक ही संदेश देता है- हम करके रहेंगे।

## इंडिया गठबंधन की लंच डिप्लोमेसीः मेरे खिलाफ 45 एफआईआर, लक्ष्य 100 का; राहुल बोले- हर एफआईआर मेरे लिए मेडल

मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा आयोजित विपक्षी सांसदों के साथ लंच के बाद राहुल गांधी ने जंतर-मंतर पर फिर प्रदर्शन का एलान किया। उन्होंने ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग दोहराई और अपने खिलाफ दर्ज 45 एफआईआर पर कहा कि उनका लक्ष्य 100 एफआईआर का है।कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को राजधानी में विपक्षी सांसदों के साथ दोपहर 1 बजे लंच बैठक की। बैठक में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत विपक्ष के कई सांसद मौजूद रहे। इस बैठक में सांसद सीईसी ज्ञानेश कुमार से मुलाकात का समय मांगने वाली चिट्ठी पर हस्ताक्षर करने वाले हैं। यह बैठक छह अक्तूबर को चुनाव आयोग की ओर निकाले गए विपक्षी मार्च और प्रदर्शन के अगले दिन हुई। राहुल गांधी का एलान- जंतर-मंतर पर फिर होगा प्रदर्शन- विपक्षी सांसदों के साथ लंच के बाद राहुल गांधी ने कहा कि करीब 300 सांसद मुख्य चुनाव आयुक्त से मिलना चाहते थे, लेकिन उन्हें वहां प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी गई। अब विपक्षी सांसद तय प्रदर्शन स्थल जंतर-मंतर जाएंगे और वहां एक साथ प्रदर्शन करेंगे। राहुल गांधी ने कहा कि उनके लिए ज्ञानेश कुमार देश के वैध मुख्य चुनाव आयुक्त नहीं हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, मोहन भागवत और ज्ञानेश कुमार पर लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने कहा कि ज्ञानेश कुमार को इस्तीफा देना ही होगा। एफआईआर को लेकर उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ पहले से 45 एफआईआर हैं और उनका लक्ष्य 100 एफआईआर का है। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ दर्ज हर एफआईआर उनके लिए एक मेडल है।

## जहां चाहें भेज दें, मैं तैयार हूं, सुप्रीम कोर्ट में छलका अभिनेता का दर्द

राजपाल यादव से जुड़े चेक बाउंस मामले में बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई, जहां सीजेआई से बात करते हुए अभिनेता का दर्द छलक गया।बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव को चेक बाउंस मामले में सुप्रीम कोर्ट से थोड़ी राहत मिली है। एक्टर बुधवार को खुद 1.15 करोड़ रुपये का डिमांड ड्राफ्ट लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। साथ ही उन्होंने जज को बताया कि वह बाकी के 85 लाख रुपये अपनी पुश्तैनी संपत्ति के खरीदार के जरिए जमा करेंगे और 13 अक्टूबर तक

रकम दे देंगे। याचिकाकर्ता ने बताया कि उसकी संपत्ति का संभावित खरीदार न्यायालय में उपस्थित है। अनंत प्रकाश यादव न्यायालय में उपस्थित हैं और वे 85 लाख रुपये का भुगतान करने के इच्छुक हैं। वे सोमवार को डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से रजिस्ट्री में 85 लाख रुपये जमा करने के लिए तैयार हैं।कोर्ट में छलका राजपाल यादव का दर्द- कोर्ट में सीजेआई और राजपाल यादव के बीच हल्की-फुल्की बातचीत भी हुई। अभिनेता ने अपनी फिल्म अता पता लापता से हुए आर्थिक नुकसान का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि फिल्म की वजह से उन्हें करीब 200 से 250 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ और फिल्म के निर्माता भी घाटे में रहे। मजाकिया अंदाज में फिल्म के नाम को राजपाल यादव के मौजूदा हालात से जोड़ दिया। उन्होंने कहा, आपकी फिल्म की तरह आपका पैसा भी अता पता लापता है, गायब।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत दिखा रहा दुनिया को रास्ता': मोहन भागवत ने अशोक सिंघल का दिया उदाहरण, कहा- समाज की बेहतरी के लिए करें काम

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि भारत के लोगों को अपनी परंपराओं का पालन करते हुए समाज और दुनिया के कल्याण के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने अशोक सिंघल और मोरोपंत पिंगले का उदाहरण देते हुए कहा कि अच्छे कार्यों के जरिए समाज में योगदान देना और दूसरों को प्रेरित करना ही सच्ची श्रद्धांजलि है।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने बुधवार को कहा कि भारत के लोगों को अपनी परंपराओं का पालन करना चाहिए। इसके साथ ही समाज व दुनिया की बेहतरी के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सभी को एक संतोषजनक जीवन सुनिश्चित करने में योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत की परंपराएं समाज और दुनिया की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने यह बात नागपुर जिले के देओलापुर में गौ-विज्ञान अनुसंधान केंद्र में कई पहलों का उद्घाटन करते हुए कही, जो वीएचपी के दिवंगत अध्यक्ष अशोक सिंघल की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में आयोजित की गई थीं।उन्होंने कहा, %हमारे जीवन, समाज, धर्म की सुरक्षा और दुनिया की बेहतरी के लिए, जो रास्ता हर गुजरते दिन के साथ जरूरी होता जा रहा है। वह यह है कि भारत के लोगों को अपनी परंपराओं के अनुसार जीना चाहिए और सफल होना चाहिए।

## सीएम योगी बोले- काशी से क्योटो तक साझी समृद्धि की नई राह बना रही भारत-जापान मैत्री

शिंजो आबे की स्मृतियों को समर्पित 'आबे मेमोरियल कॉरिडोर' का आज काशी में लोकार्पण किया जाएगा। इसे लेकर सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और शिंजो आबे ने भारत-जापान मैत्री को नई ऊंचाइयां दी हैं।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत-जापान मैत्री को विश्वास की विरासत, विकास की साझेदारी और दो प्राचीन संस्कृतियों की आत्मीयता का जीवंत सेतु बताया है। बुधवार को एक्स पर पोस्ट कर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापान के पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत शिंजो आबे ने दोनों देशों की इस आत्मीय मैत्री को नई ऊंचाइयां प्रदान कीं।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भारत-जापान की इसी आत्मीय मैत्री और शिंजो आबे की स्मृतियों को समर्पित 'आबे मेमोरियल कॉरिडोर' का बुधवार को लोकार्पण होगा। काशी स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वह सहभागिता करेंगे।सांस्कृतिक आत्मीयता के साथ बढ़ी आर्थिक साझेदारी- मुख्यमंत्री योगी ने भारत-जापान संबंधों के आर्थिक पक्ष को भी प्रमुखता से रखा। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच आत्मीयता अब आर्थिक साझेदारी की नई शक्ति बन रही है। उत्तर प्रदेश जापानी कंपनियों के साथ करीब 90 हजार करोड़ रुपये के एमओयू कर चुका है।मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भारत और जापान के बीच संबंध विश्वास की विरासत और विकास की साझेदारी पर आधारित हैं। दोनों प्राचीन संस्कृतियों की आत्मीयता इन संबंधों को विशेष बनाती है। काशी और क्योटो के बीच जुड़ाव इसी रिश्ते को आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि काशी से क्योटो तक, आस्था से अर्थव्यवस्था तक, यह मैत्री अब साझी समृद्धि की नई राह बना रही है।

## सीईसी विवाद पर विपक्ष की बैठकः कपिल सिब्बल बोले- 2014 से पसंद न आने वालों को हिरासत

सीईसी ज्ञानेश कुमार से मुलाकात की मांग को लेकर विपक्ष ने बुधवार को दिल्ली में बैठक की। मल्लिकार्जुन खरगे की बैठक में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा समेत कई विपक्षी नेता पहुंचे। इससे एक दिन पहले विपक्ष ने चुनाव आयोग की ओर मार्च किया था, जिसे पुलिस ने रोक दिया था और कई नेताओं को हिरासत में लिया गया था। इसी बीच कपिल सिब्बल ने सरकार पर विरोधियों को हिरासत में लेने और विपक्ष से साथ आने वालों को गले लगाने का आरोप लगाया। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर विपक्ष और चुनाव आयोग के बीच चल रहा विवाद बुधवार को भी जारी रहा। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने विपक्षी सांसदों के लिए दिल्ली में दोपहर के भोजन पर बैठक बुलाई। इस बैठक में सांसद सीईसी ज्ञानेश

कुमार से मुलाकात का समय मांगने वाली चिट्ठी पर हस्ताक्षर करने वाले हैं। यह बैठक छह अक्तूबर को चुनाव आयोग की ओर निकाले गए विपक्षी मार्च और प्रदर्शन के अगले दिन हुई। सिब्बल ने सरकार पर क्या आरोप लगाया? बैठक में पहुंचे कपिल सिब्बल ने आरोप लगाया कि 2014 से जिन लोगों को सरकार पसंद नहीं करती, उन्हें हिरासत में लिया जाता है, जबकि विपक्ष से सरकार के साथ आने वालों को गले लगाया जाता है। सिब्बल ने पंजाब के मुख्यमंत्री के मामले का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, %यह उनकी आदत है। यह उनकी नीति है।% सिब्बल ने कहा कि कांग्रेस जो करेगी, वह करेगी। राहुल और प्रियंका भी बैठक में पहुंचे खरगे की बुलाई बैठक में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा भी पहुंचे। बैठक जनपथ स्थित सागर रत्ना में रखी गई थी। इसमें इंडिया गठबंधन के दूसरे दलों के सांसदों के भी शामिल होने की जानकारी सामने आई। विपक्षी सांसदों की यह बैठक ऐसे समय हुई है, जब वे चुनाव आयोग से सीधे मुलाकात कर अपनी शिकायतें रखने की मांग कर रहे हैं। रेणुका चौधरी बोलीं- सरकार समझती है हम डर जाएंगे दिल्ली में कल चुनाव आयोग मुख्यालय तक इंडिया गठबंधन के विरोध मार्च के दौरान आकाशवाणी भवन परिसर में प्रवेश करने के मामले में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के खिलाफ दिल्ली पुलिस की एफआईआर पर कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि सरकार सोचती है कि एफआईआर से कांग्रेस डर जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं है। वहीं, कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने भी एफआईआर को लेकर कहा कि वे इससे डरने वाले नहीं हैं और इसे सम्मान के तमगे की तरह देखते हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग सभी के हस्ताक्षर चाहता है और कांग्रेस के सांसद दस्तावेज पर हस्ताक्षर करेंगे। खेड़ा ने दावा किया कि ये सांसद 64 फीसदी लोगों के प्रतिनिधि हैं।। गांधी और दूसरे विपक्षी नेताओं ने चुनाव आयोग के दफ्तर की ओर मार्च किया था। विपक्षी दल विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग से सवाल कर रहे हैं और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से मुलाकात की मांग कर रहे हैं।

संपादकीय Editorial

## Wow! The country's best archers!

September 30, 2026, will be remembered as a historic date in Indian sports. What a golden day! Four precious gold medals in a single day! Three gold medals in a row, one in archery alone, and one in shooting! Wow, the country's best archers! In those moments, it seemed as if the greatest archer of all time, Arjuna, had appeared! Indeed, the skills of the country's young archers and shooters are unparalleled, unparalleled, and incomparable. They consistently defeated the masters and champion archers of South Korea and China on the Japanese soil, placing a golden crown on the head of Mother India. Among these descendants of the timeless archer Arjuna, Sahil Jadhav from Maharashtra, Ganesh Maniratnam from Andhra Pradesh, and Kushal Dalal from Haryana were all completely and collectively "Indians." While they may not be as popular as Sachin, Virat, or Rohit, today they are India's "Champion Arjun" and have secured India's berth for the 2028 Los Angeles Olympics. Among our nation's daughters, Jyothi Surekha Vennam, Chikita, and Preetika Pradeep achieved a "golden victory" in the women's compound archery competition. In shooting, Madhya Pradesh's Neeru Dhanda, and in archery, the pair of Sahil from Maharashtra and Chikita, a farmer's daughter from Telangana, each won two gold medals. They had the honor of ascending the podium twice. They witnessed the tricolor flag being hoisted twice, and they heard the national anthem "Jana Gana Mana" being played numerous times.

Undoubtedly, these are the new talents, new international champions, and young faces of a new India, whose shots consistently and accurately hit the mark. Indeed, these young athletes are the nation's positive, creative, and victorious "Gen-G." They are the nation's pride, true representatives, truly "Indians." They are undoubtedly India's future. Some farmers' fathers sold their land for a pittance, some mothers sold their jewelry, some families took out loans, and Neeru and Chikita don't even have a TV. When Neeru's mother saw a picture on TV at the grocery store of her daughter wearing a gold medal, it was natural to feel emotional. Chikita's brother informed her father that his sister had won two gold medals. They must have felt soaring in the air! In mixed shooting (trap), Neeru's teammate, Kynan Chennai, shot with his father's 30-year-old barrel gun and won the gold medal, bringing India a sense of pride, glory, and superiority. Kynan's father was also a national champion. Jyoti, at just four years old, crossed the Krishna River three times, earning her the honor of being included in the Limca Book of Records. This "girl archer" stunned the world by single-handedly winning three gold medals at the 2022-23 Asian Games. However, today's cricket team India deserves a historic mention. For the first time, it achieved an unforgettable victory by chasing a target of 406 runs, "higher than the Himalayas." Captain Shubman Gill is the world's best batsman, but with his unbeaten 223 runs off just 133 balls, he also became the "first Indian batsman" to do so. He ranks second in the world. Undoubtedly, Team India has played unexpected, unprecedented, and unimaginable cricket. However, we want to dedicate this day to the athletes of the Asian Games. It's also worth noting that the women's hockey team, after 44 long years of struggle, reached the finals after defeating South Korea, the most recent Asian champion since 1982. Those players must be seeing the golden glow! Several other players have also reached the finals. India has now won 60 medals, including 10 gold, and has jumped to 8th place. Now.

# An incident that has alarmed the world.

Indian pilot Captain Smit bravely thwarted a co-pilot's attack on a Fly Dubai flight, averting a major plane crash. His presence of mind averted a tragedy comparable to 9/11. The incident highlighted the threat of global jihadist terrorism. The bravery and presence of mind of Indian pilot Captain Smit is currently being praised worldwide. The courage and skill he displayed in thwarting a co-pilot's attempt to crash the Fly Dubai flight is unimaginable. On a Fly Dubai flight from Dubai to Tel Aviv, the Omani co-pilot suddenly attacked Captain Smit.

It is believed the attacker intended to seize control of the plane and crash it. Imagine the plight of those on board as the plane plummeted approximately 17,400 feet during a violent cockpit struggle. Despite being seriously injured, Captain Smith courageously fought with the co-pilot and succeeded in opening the cockpit door. The cockpit door cannot be opened from the outside.

If Smith had not opened the door, anything could have happened. Only because the door was open did passengers enter to help, and the two pilots, posing as passengers, took control of the plane. Prime Minister Modi rightly said that Captain Smith's valiant fight prevented another 9/11-like incident from happening. Israeli Prime Minister Netanyahu also called him the one who prevented a repeat of 9/11. US President Trump also praised the Indian pilot.

Those with experience in flying airplanes recognize this incident as an act of extraordinary bravery. Unfortunately, there are some narrative makers in India who are shamefully portraying this as a false flag operation by Israel, or an act of self-inflicted action. There is no need to discuss these frustrated individuals, as newspapers around the world have published comments on this. Furthermore, an investigation has begun, and the truth will be revealed.

This incident has naturally sparked a discussion about the September 11, 2001, terrorist attacks in the United States, the largest terrorist attack of this century and one that shook the entire world. On that day, terrorists hijacked four planes. The first plane crashed into the North Tower of the World Trade Center. Shortly thereafter, the second hijacked plane crashed into the South Tower of the World Trade Center. This caused both towers of the World Trade Center to collapse like a house of cards. The third plane crashed into the Pentagon, Washington's defense headquarters. The fourth plane crashed in Pittsburgh, Pennsylvania, targeting Camp David. America was unable to prevent those attacks. The terrorists involved in the 9/11 attacks were from high-ranking families with high degrees. Their aim was to destroy America's pride.

It is not yet known where the Omani co-pilot intended to crash the plane, but it cannot be ignored that in the 25 years since 2001, the mindset of jihadist terrorism has spread so widely that it is almost impossible to understand the terrorists' methods. This incident reaffirms that jihadist terrorism, which has resurfaced globally since 1990, has spread to a dangerous ideological level.

The Omani pilot's actions indicate that he may have become a suicide bomber. Some are calling it a reaction to the US-Israeli attack on Iran or Israel's actions in Gaza, but terrorist attacks are not limited to Jews and Israelis. Haven't we witnessed terrorist incidents in various forms in other countries around the world before?

Israel remains a target of jihadist terrorism because of the hateful hostility against Jews that has been spread in the Islamic world.

It is the world's misfortune that after the September 2001 attacks, the United States, which launched a vigorous war against terrorism under its leadership and pledged to eradicate it, gradually retreated, and now its active military agenda shows no sign of a global fight against terrorism. President Donald Trump's embrace of Pakistan, the largest center of terrorism, is a dangerous signal for the world.

Abu Mohammed al-Julani, whom the United States had designated a terrorist, was allowed to become President of Syria, and Trump even reached out to shake hands with him. Despite facing repeated terrorist attacks, the West, which stood up to combat terrorism, has practically surrendered. A united fight against terrorism is impossible in today's conflicted world. Essentially, after the Fly Dubai flight incident, countries like the United States should reconsider their attitude towards terrorism.

An Indian-origin pilot may have prevented a repeat of 9/11, but if powerful nations do not unite to understand the jihadist ideology, the entire human civilization will suffer the disastrous consequences.

# Knowing the grounds for arrest is a fundamental right.

The Supreme Court has declared written information about the grounds for arrest a fundamental right, stating that this information should be provided to the accused in his own language and as soon as possible. Written information about the grounds for arrest is a fundamental right.

The information should be provided in the accused's language and as soon as possible. Violation of the rules will render the arrest illegal. Arrest is seen as a stigma in society. Arrest can also affect a person's health and mental health. The Constitution guarantees us the right to live with dignity, and this right cannot be infringed without following due process.

Article 22(1) of the Constitution provides that any person arrested must be informed of the grounds for arrest as soon as possible. Recently, the Supreme Court has taken a strong stance against violations of this provision. Article 22(2) also provides that a person be produced before the nearest magistrate within 24 hours of his arrest and detention, and shall not be detained in custody for more than 24 hours without the magistrate's permission.

Similar provisions for disclosing the grounds of arrest are provided in Section 50 of the Code of Criminal Procedure (CrPC) (Section 47 of the Indian Civil Defence Code), and for presenting the accused before a magistrate within 24 hours is provided in Section 57 of the CrPC (Section 58 of the Indian Civil Defence Code), but there is no clear provision for the manner in which this information should be given, whether verbally or in writing. The Supreme Court has interpreted the provisions of the Constitution and law regarding whether the mode of informing the accused should be oral or written. The Supreme Court has stated that the purpose of informing the accused of the grounds for arrest is to give him or her adequate opportunity to prepare his or her defense so that he or she can oppose police remand or judicial custody and seek bail.

This provision is not merely a procedural formality but rather to adequately protect the rights guaranteed by the Constitution.

The Court stated that written notice is necessary for two reasons. First, oral notice may create disputes in the exchange of factual information. Second, providing written notice allows the accused to adequately present his or her defense. Therefore, the true purpose of constitutional provisions is served only when the grounds for arrest are provided in writing.

The Supreme Court issued similar instructions while interpreting the Unlawful Activities (Prevention) Act in the Prabir Purkayastha (2024) case, clarifying that failure to do so would render the arrest illegal and the accused unconditionally released.

In the case of "Vihaan Kumar" (2025), the Supreme Court stated that the Constitution does not discriminate between crimes committed under a special act or the Indian Penal Code. This means that in all crimes, the accused must be informed of the grounds for arrest in writing as soon as possible.

In the case of "Mihir Rajesh Shah" (2025), the Supreme Court further strengthened the above interpretation and provided clear instructions on four points. First, regardless of the law, it is mandatory to inform the accused of the grounds for arrest in all crimes. Second, the grounds for arrest must be provided in writing and in the language of the arrested person.

Third, the grounds for arrest must be provided as soon as possible after the arrest, and where it is not possible to provide them in writing immediately, they should be provided verbally, but must be provided in writing no later than two hours before the accused is presented before the magistrate.

Fourth, if the above instructions are not followed, i.e., if the accused is not informed of the grounds for arrest within two hours of the accused's presentation before the magistrate, the arrest will be declared illegal and the accused will be released. The Supreme Court also clarified that when the case is based on documentary evidence or a notice to appear at the police station prior to arrest is given, the accused must be informed of the grounds for arrest in writing either before or at the time of arrest.

If the accused needs to be arrested again after being released, the police will inform the magistrate of the reasons and necessity for the arrest, explain why grounds for arrest were not provided previously, and request arrest and custody, which the magistrate will decide within seven days, as soon as possible.

Despite the above instructions, when the Supreme Court recently found in the case of Jaskaran Jeet Singh Deol (2026) that the accused was not informed in writing about the grounds for arrest, it sternly ordered a departmental inquiry against the negligent police officer.

The Court also stated that further proceedings in a criminal case must be transferred to another investigating officer. Since not informing the accused of the grounds for arrest violates fundamental rights, the High Court will also award appropriate compensation to the accused.

Thus, it is clear that police officers must discharge their constitutional responsibilities and uphold the law with integrity. Without fail, the accused must be informed in writing of the grounds for arrest within the stipulated timeframe. Senior officers should maintain a special vigil to ensure compliance with the Supreme Court's directives. It will not be necessary.

Police officers must be adequately trained on this subject. Now that the principle of providing written grounds for arrest has been established, the central government may, if it wishes, amend the Indian Civil Defence Code and special acts accordingly.

# मिशन संपूर्ण समाधान के अंतर्गत 20 जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण

## जिलाधिकारी श्री अनुनय झा के निर्देश पर प्रत्येक तहसील में प्रतिदिन 05 शिकायतों का अंतिम रूप से निस्तारण

प्रशासनिक स्तर से संचालित मिशन संपूर्ण समाधान के अंतर्गत आमजन की शिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है। जिलाधिकारी श्री अनुनय झा के निर्देश पर जनपद की प्रत्येक तहसील में जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों में से प्रतिदिन 05 शिकायतों का अंतिम रूप से निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है।

इसी क्रम में तहसील ठाकुरद्वारा, सदर, कांठ एवं बिलारी में 05-05, कुल 20 जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया गया। संबंधित उपजिलाधिकारियों एवं तहसील स्तरीय अधिकारियों द्वारा शिकायतों की नियमित समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों से जांच कराई गई तथा प्रत्येक प्रकरण में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। शिकायतकर्ताओं को की गई कार्रवाई से अवगत कराया गया।

तहसील ठाकुरद्वारा-तहसील ठाकुरद्वारा में निस्तारित 05 शिकायतों में चकमार्ग को कब्जामुक्त कराने, राशन कार्ड जारी कराने एवं खाद्यान्न सहायता उपलब्ध कराने, पूर्व में जमा एनएससी वापस दिलाने, जाति की तस्दीक तथा खतौनी में नाम संशोधन से संबंधित प्रकरण शामिल रहे।

ग्राम नाखुनका निवासी शिकायतकर्ता की चकमार्ग को कब्जामुक्त कराने संबंधी शिकायत पर गाटा संख्या 213, रकबा 0.020 हेक्टेयर की मौके पर पैमाइश एवं आवश्यक निशानदेही कराई गई। ग्राम सिहाली खद्दर निवासी शिकायतकर्ता की जांच में परिवार पात्र गृहस्थी राशन कार्ड के लिए पात्र पाया गया तथा पति के नाम से 04 यूनिट वाला पात्र गृहस्थी राशन कार्ड जारी किया गया।

ग्राम रामनगर खागूवाला निवासी शिकायतकर्ता की पूर्व में जमा रुपये 5,000 की एनएससी वापस दिलाने संबंधी शिकायत पर मूल एनएससी नियमानुसार वापस उपलब्ध करा दी गई। ग्राम विजयरामपुर निवासी शिकायतकर्ता की जाति की तस्दीक कर शिकायत का निस्तारण किया गया। ग्राम बैजनाथपुर निवासी शिकायतकर्ता की खतौनी में नाम संशोधन संबंधी शिकायत पर राजस्व ग्राम रूपपुर टण्डोला की गाटा संख्या 672, रकबा 0.1010 हेक्टेयर में नाम सही कर दिया गया।

तहसील सदर-तहसील सदर में निस्तारित 05 शिकायतों में राशन कार्ड, खतौनी एवं फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित प्रकरण शामिल रहे। ,बुढ़ानपुर अलीगंज निवासी श्रीमती मिथलेश की शिकायत पर राशन कार्ड से मृतक पुत्र का नाम निरस्त किया गया। ग्राम पदिया नंगला निवासी नरेश की शिकायत पर उनका नाम खतौनी में मुख्य खातेदार के रूप में दर्ज कर दिया गया। ग्राम ईलर रसूलावाद निवासी नरपत सिंह की फार्मर रजिस्ट्री का सत्यापन कर दिया गया। मिलक चांदपुर निवासी श्रीमती सुतिन्नि देवी की फार्मर रजिस्ट्री में आवश्यक नाम संशोधन कर दिया गया।

तहसील कांठ-तहसील कांठ में निस्तारित 05 शिकायतों में राजस्व अभिलेखों में अंश दुरुस्ती, चकरोड को कब्जामुक्त कराने, अतिवृष्टि से फसल क्षति, आवासीय मकान की जियो-टैगिंग तथा खेत की मेड़ से संबंधित प्रकरण शामिल रहे।

ग्राम बेगमपुर निवासी खूब सिंह की शिकायत पर ग्राम कमालपुरी माफी की गाटा संख्या 401, 33, 188 एवं 15 में अंश संबंधी त्रुटि नियमानुसार दुरुस्त कराई गई। ग्राम सदरपुर मतलबपुर निवासी महेन्द्र सिंह एवं चन्द्रपाल सिंह की शिकायत पर गाटा संख्या 341, रकबा 0.0320 हेक्टेयर की चकरोड की मौके पर पैमाइश एवं निशानदेही कराकर उसे पुनः खुलवा दिया गया।

ग्राम मोढ़ा निवासी कुंवरपाल की अतिवृष्टि से धान की फसल क्षति संबंधी शिकायत पर सर्वे कराकर प्रकरण को राहत आयुक्त पोर्टल पर फीड करते हुए अग्रसारित किया गया। ग्राम पट्टीवाला निवासी शाहाना के निर्माणाधीन आवासीय मकान की जियो-टैगिंग पूर्ण कराई गई। ग्राम फतेहपुर विश्नोई निवासी दिनेश कुमार की खेत की मेड़ संबंधी शिकायत पर मौके पर पैमाइश कराकर संबंधित पक्षों की सहमति से मेड़ लगवा दी गई।

तहसील बिलारी-तहसील बिलारी में निस्तारित 05 शिकायतों में खसरा उपलब्ध कराने, खतौनी में नाबालिग से बालिग दर्ज कराने, ईडब्ल्यूएस प्रमाण-पत्र, भूमि की पैमाइश तथा आय प्रमाण-पत्र जारी कराने से संबंधित प्रकरण शामिल रहे। ग्राम वाकीपुर जटनी की गाटा संख्या 1, रकबा 0.490 हेक्टेयर का खसरा संबंधित आवेदक को उपलब्ध करा दिया गया। ग्राम मोहम्मदपुर मन्सुख की गाटा संख्या 501, रकबा 0.1170 हेक्टेयर में उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा 38(6) के अंतर्गत शिकायतकर्ता को नाबालिग से बालिग दर्ज कर दिया गया। ग्राम नरौदा की गाटा संख्या 769, रकबा 0.3480 हेक्टेयर में संबंधित सहखातेदार की सहमति से भूमि की पैमाइश करा दी गई। आय प्रमाण-पत्र संबंधी शिकायत पर आय प्रमाण-पत्र जारी कर दिया गया।

जिलाधिकारी श्री अनुनय झा ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मिशन संपूर्ण समाधान के अंतर्गत जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण एवं नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। शिकायतों के निस्तारण की नियमित समीक्षा की जाए तथा शिकायतकर्ता को की गई कार्रवाई से अवगत कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता तक सीमित न रहे, बल्कि संबंधित व्यक्ति की समस्या का वास्तविक, प्रभावी एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए।

# फर्जी पासपोर्ट बनाने की तैयारी: ग्राम प्रधान-पार्षदों के लेटर पैड समेत दस्तावेजों का जखीरा बरामद, दो गिरफ्तार

मुरादाबाद में फर्जी पहचान और कूटरचित दस्तावेजों से पासपोर्ट बनवाने वाले गिरोह का कटघर पुलिस ने खुलासा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके पास 25 आधार कार्ड, जन्म प्रमाणपत्र, बैंक पासबुक, चेकबुक, फर्जी बिजली बिल और ग्राम प्रधान-पार्षदों के लेटर पैड समेत दस्तावेज बरामद हुए।फर्जी पहचान और कूटरचित दस्तावेजों के सहारे पासपोर्ट बनवाने वाले गिरोह का कटघर पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने गिरोह से जुड़े दो आरोपियों को रामगंगा पुल के पास से गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से ग्राम प्रधान और पार्षदों के लेटर पैड, आधार कार्ड, पैन कार्ड, जन्म प्रमाणपत्र, बैंक

पासबुक, चेकबुक, फर्जी बिजली बिल, अंकपत्र और आरसी समेत बड़ी संख्या में दस्तावेज बरामद हुए हैं। पुलिस ने एक लैपटॉप और मोबाइल फोन भी कब्जे में लिया है। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में महफूज निवासी अगवानपुर, हाल निवासी पीर का बाजार और आकाश निवासी फरीदपुर सेक्टर-78, फरीदाबाद शामिल हैं।दोनों को बुधवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे रामगंगा पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। छह अक्तूबर को कटघर थाने में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर पासपोर्ट बनवाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई थी।मुकेश भेजता था नाम और फोटो- पुलिस पूछताछ में महफूज ने बताया कि बरेली निवासी मुकेश शर्मा पासपोर्ट बनवाने के इच्छुक लोगों के नाम और फोटो भेजता था। इसके बाद वह फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर उनके आधार पर पासपोर्ट के लिए आवेदन करवाता था। पुलिस ने बताया कि आकाश ने रवि निवासी ताजपुर माफी के नाम से पासपोर्ट बनवाने का प्रयास किया था। आवेदन निरस्त होने के बाद दोनों दोबारा आवेदन की तैयारी कर रहे थे। 25 आधार और छह बैंक पासबुक मिलीं- पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छह बैंक पासबुक, पांच चेकबुक, 25 आधार कार्ड, चार पैन कार्ड, पांच जन्म प्रमाणपत्र, फर्जी अंकपत्र, दो आरसी, फर्जी बिजली बिल और ग्राम प्रधान व पार्षदों के लेटर पैड समेत अन्य कागजात बरामद किए हैं। इसके अलावा एक लैपटॉप और मोबाइल फोन भी मिला है। पुलिस इन दस्तावेजों के इस्तेमाल और उनके जरिए तैयार किए गए अन्य फर्जी आवेदनों की भी जांच कर रही है।महफूज पर पहले से कई मुकदमे- पुलिस के अनुसार महफूज के खिलाफ अलग-अलग थानों में धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेज तैयार करने, पासपोर्ट अधिनियम और गैंगस्टर एक्ट समेत कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अब बरेली निवासी मुकेश शर्मा समेत गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश और उनकी भूमिका की जांच कर रही है।

# विस्तार को रफ्तार: गुरु जंभेश्वर विवि तक फैलेगा मुरादाबाद, 100 हेक्टेयर में कॉलोनी और गांगन पर बनेगा पुल

मुरादाबाद के विस्तार की नई योजना में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के आसपास 100 हेक्टेयर में आवासीय कॉलोनी विकसित की जाएगी। दिल्ली रोड को गांगन नदी पर पुल के जरिए रिंग रोड से जोड़ने के लिए पांच किमी लंबा नया मार्ग भी बनाया जाएगा। मुरादाबाद का विस्तार अब गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के आसपास तक करने की तैयारी है। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण (एमडीए) बोर्ड की 144वीं बैठक में विश्वविद्यालय के नजदीक करीब 100 हेक्टेयर क्षेत्र में नई आवासीय कॉलोनी विकसित करने की योजना को आगे बढ़ाया गया। इसके साथ ही दिल्ली रोड को नया मुरादाबाद योजना से जोड़ते हुए गांगन नदी पर पुल और सिकंदरपुर के रास्ते रिंग रोड तक पहुंचने वाले नए मार्ग की योजना को भी मंजूरी दी गई। खुशहालपुर से 60 मीटर रोड तक 36 मीटर चौड़ा मार्ग बनाने का प्रस्ताव भी बैठक में शामिल रहा। मंगलवार को एमडीए कार्यालय के सभागार

में मंडलायुक्त संगीता सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में शहर के भविष्य के विस्तार से जुड़े इन प्रस्तावों पर निर्णय लिए गए। डीएम अनुनय झा, एमडीए वीसी अनुभव सिंह, नगर आयुक्त हिमांशु कौशिक समेत बोर्ड के सदस्य और संबंधित विभागों के अधिकारी इसमें शामिल हुए। बैठक में दिल्ली रोड को नया मुरादाबाद योजना से होते हुए गांगन नदी पर प्रस्तावित पुल के जरिए सिकंदरपुर क्षेत्र से रिंग रोड तक जोड़ने की योजना को मंजूरी दी गई। इसके तहत करीब 60 मीटर चौड़ा और पांच किलोमीटर लंबा नया मार्ग विकसित किया जाना प्रस्तावित है। यह मार्ग शहर के मौजूदा यातायात दबाव को कम करने के साथ नए विकसित होने वाले क्षेत्रों को मुख्य मार्गों से जोड़ने में अहम होगा। गांगन नदी पर पुल बनने से मार्ग की कनेक्टिविटी पूरी होगी। गोविंदपुरम फेज-2 का लेआउट बोर्ड बैठक में पास- एमडीए बोर्ड ने गोविंदपुरम फेज-2 की योजना को भी आगे बढ़ाने पर निर्णय लिया। बोर्ड की बैठक में इस टाउनशिप का लेआउट पास हो गया है। इसमें क्षेत्र के विस्तार के साथ आवासीय और अन्य सुविधाओं के विकास की रूपरेखा तैयार की जाएगी। गोविंदपुरम में पहले से विकसित क्षेत्र के आगे विस्तार की संभावना के बीच फेज-2 को भविष्य की आवासीय जरूरतों से जोड़कर देखा जा रहा है। वहीं, गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के नजदीक करीब 100 हेक्टेयर जमीन पर नई आवासीय कॉलोनी में आवासीय भूखंडों के साथ सड़क, जलनिकासी, बिजली और अन्य जरूरी आधारभूत सुविधाओं की व्यवस्था की जाएगी। क्षेत्र में बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए आसपास के मार्गों को भी विकसित करने की योजना है। इससे शहर का आवासीय विस्तार मौजूदा आबादी वाले क्षेत्रों से आगे बढ़ सकेगा। ट्रांसपोर्ट नगर में मिली जमीन, सर्विस सेंटर बनाएंगे ट्रांसपोर्ट नगर में एमडीए की जमीन पर पुराने व जर्जर कॉम्प्लेक्स को गिरा दिया गया है। अब यह जमीन एमडीए के दोबारा प्रयोग के लिए खाली है। एमडीए वीसी अनुभव सिंह ने बताया कि इस जमीन पर 16 प्लॉट काटे गए हैं। यहां कॉमर्शियल गतिविधि के लिहाज से ही सुविधाएं विकसित की जाएंगी। ट्रांसपोर्ट नगर में आने वाली गाड़ियों के लिए सर्विस सेंटर बनाने का प्रस्ताव है। इसके अलावा शिवालिक योजना में फेज-2 और फेज-3 के नक्शे अब स्वीकृत होने लगेंगे। इसके लिए आयुक्त ने अनुमति दे दी है। एक नजर में बड़े फैसले, गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के पास करीब 100 हेक्टेयर में नई आवासीय कॉलोनी, दिल्ली रोड से नया मुरादाबाद होते हुए सिकंदरपुर तक 60 मीटर चौड़ा, पांच किमी मार्ग गागन नदी पर प्रस्तावित पुल को मंजूरी

सिकंदरपुर के रास्ते नए मार्ग को रिंग रोड से जोड़ने की योजना खुशहालपुर से 60 मीटर रोड तक 36 मीटर चौड़ा मार्ग गोविंदपुरम फेज-2 को आगे बढ़ाने का निर्णय गोविंदपुरम में इंडोर स्टेडियम को मंजूरी

## संक्षिप्त समाचार

### फकीरपुरा चौकी क्षेत्र में दिखा तेंदुआ, दहशत में लोग; पुलिस और वन विभाग अलर्ट

पुलिस-वन विभाग ने संभाला मोर्चा, देर शाम क्षेत्र में निकलने से बच रहे लोग मुरादाबाद के फकीरपुरा चौकी क्षेत्र में तेंदुआ दिखने से दहशत फैल गई है। पुलिस और वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा

संभाल लिया है और लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।जिले के ग्रामीण इलाकों में तेंदुए की आहट के बाद अब शहर में भी तेंदुए की दस्तक ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। थाना सिविल लाइंस क्षेत्र की फकीरपुरा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत तेंदुआ दिखाई देने की सूचना से इलाके में हड़कंप मच गया। तेंदुए के शहर के रिहायशी इलाके के आसपास पहुंचने की खबर से लोग घरों से बाहर निकलने से बचने लगे।

बताया गया कि फकीरपुरा चौकी क्षेत्र में लोगों ने तेंदुए को सड़क के आसपास देखा। तेंदुए की मौजूदगी की सूचना तत्काल पुलिस और वन विभाग को दी गई। पुलिस टीम के साथ वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे तथा आसपास के इलाके में निगरानी शुरू कर दी। टीमों ने तेंदुए की गतिविधियों का पता लगाने के लिए संभावित स्थानों को चिन्हित कर तलाश शुरू की। बताए गए तेंदुए की मौजूदगी वाले क्षेत्र को पुलिस और वन विभाग ने एहतियात के तौर पर क्षेत्र के कुछ हिस्से में लोगों की आवाजाही पर रोक लगाई थी। लोगों को मौके की ओर जाने से रोकने के साथ ही आसपास के लोगों को सतर्क रहने की हिदायत दी गई है। पुलिस की ओर से लोगों से अपील की गई है कि तेंदुए को देखने या उसकी तलाश में भीड़ न लगाएं, क्योंकि इससे वन्यजीव के बेकाबू होने का खतरा बढ़ सकता है।

### रामपुर के गौ तस्कर को बिलग्राम पुलिस ने दबोचा, गैंगस्टर समेत 10 केस दर्ज

साण्डी थाने में दर्ज था गिरोहबंद एक्ट का मुकदमा, रामपुर के कई थानों में भी गैंगस्टर, गोवध और आर्म्स एक्ट के मामले हरदोई में बिलग्राम पुलिस ने रामपुर निवासी मुकर्रम को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ गैंगस्टर, गोवध, आर्म्स एक्ट और गिरोहबंद एक्ट के तहत 10 मुकदमे दर्ज

हैं। पुलिस ने रामपुर जिले के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ साण्डी थाने में गिरोहबंद एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। इसके अलावा रामपुर जिले के कई थानों में उसके खिलाफ गैंगस्टर, गोवध और आर्म्स एक्ट के मामले भी दर्ज हैं। साण्डी पुलिस की तहरीर पर दर्ज हुआ था मुकदमा- पुलिस के अनुसार, एसएचओ साण्डी की तहरीर पर रामपुर जिले के चमरौआ थाना क्षेत्र के शहजादनगर निवासी मुकर्रम पुत्र पुत्तन के खिलाफ गिरोहबंद एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।बिलग्राम पुलिस ने मंगलवार को किया गिरफ्तार, मंगलवार को बिलग्राम पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए मुकर्रम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब आरोपी से जुड़ी अन्य जानकारियां और उसके आपराधिक रिकॉर्ड के बारे में भी जानकारी जुटा रही है। रामपुर के कई थानों में दर्ज हैं मुकदमे- पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक मुकर्रम के खिलाफ साण्डी थाने के अलावा रामपुर जिले के कैमरी, भोंट, शाहाबाद और शहजादनगर थानों में भी मुकदमे दर्ज हैं। इनमें गैंगस्टर एक्ट, गोवध और आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज मामले शामिल हैं। पुलिस रिकॉर्ड में उसके खिलाफ कुल 10 मुकदमों का उल्लेख है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

ज़्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# सीएचसी अमरिया में आशा कार्यकत्रियों ने बुधवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया

क्यूँ न लिखूँ सच /अमरिया। इस दौरान आशा कार्यकत्रियों ने अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद करने को 23 अक्टूबर को लखनऊ में पहुंच कर अपनी हुंकार लगाने का निर्णय लिया है। आशाओं का कहना है कि मांगों के समाधान के लिए अधिकारियों को लगातार ज्ञापन दिए जा रहे हैं, लेकिन लंबित भुगतान और अन्य मांगों पर अभी तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है। आशा कार्यकत्रियों ने अपने ज्ञापन में कहा कि 7 फरवरी 2026 को स्वास्थ्य मंत्री एवं शासन के अधिकारियों के साथ हुई वार्ता में 13 सूत्रीय मांगों पर सहमति बनी थी, लेकिन सहमति के बावजूद मांगों को ठोस रूप से लागू नहीं किया गया। आशा एवं संगिनी के आधारभूत भुगतान में राज्यांश 1,500 से बढ़ाकर 7,500 किए जाने, मातृत्व अवकाश दिए जाने तथा जीवन बीमा की राशि?2 लाख से बढ़ाकर 10 लाख किए जाने की मांग पर सहमति बनी थी। आशा कार्यकत्रियों ने कहा कि विभिन्न स्वास्थ्य अभियानों में किए गए कार्यों की पारिश्रमिक एवं प्रोत्साहन राशि का भुगतान भी लंबित है। ज्ञापन में आयुष्मान कार्ड और आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने के कार्य के वर्ष 2018 से लंबित भुगतान, कोविड-19 के दौरान किए गए कार्यों की प्रोत्साहन राशि तथा टीबी, डेंगू, टीवीएमएस, फाइलेरिया आदि कार्यक्रमों में किए गए कार्यों के भुगतान का भी उल्लेख किया गया है। आशा कार्यकत्रियों ने कहा कि उनकी मांगों को लेकर लगातार ज्ञापन और धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है। मांगों का समाधान नहीं होने पर 23 अक्टूबर 2026 को राजधानी लखनऊ में प्रस्तावित महापड़ाव में भी आशा कार्यकत्रियां शामिल होंगी। र्यकत्रियों ने शासन से पूर्व में हुई सहमति को लागू करते हुए सभी लंबित भुगतान शीघ्र कराने की मांग की है। धरना प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष रेखा रानी, अंजलि मंडल, शबनम अंसारी, कमलेश कुमारी, हंसमुखी भास्कर, सितारा बेगम, पदमा, कमलेश कुमारी, गीता रानी, शबाना, रुखसार,, रीता देवी, मुन्नी देवी, शमा परवीन, सुमन, सलमा बेगम, सूरजमुखी, कृष्ण शर्मा,बसंती, नजमा बेगम, कमर जहां, रामकली, ओमवती, ललिता गौतम, ऊषा रानी, शाबरा बेगम हीरा कली, शशि बाला आदि मौजूद रही

# बरेली में चमकेगी 7 नाथ मंदिरों की ज्ञान ज्योति

क्यूँ न लिखूँ सच /ब्यूरो / बरेली । विकास प्राधिकरण (BDA) द्वारा विश्वविद्यालय-डोहरा रोड संगम पर एक भव्य और अद्वितीय 'नाथ ज्ञान ज्योति चौक' तैयार किया जा रहा है। चौक के केंद्र में कमल के आधार से 7 उर्ध्वमुखी ऊर्जा स्तंभ उभरेंगे, जो बरेली के प्रसिद्ध 7 नाथ मंदिरों की आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक होंगे। ये सभी धाराएं शीर्ष पर एक भव्य 'ज्ञान ज्योति' में समाहित होंगी। विश्वविद्यालय के निकट होने के कारण ज्ञान को मुख्य केंद्र बनाया गया है। यहां आकर्षक लाइटिंग, फव्वारे (जल तत्व), हरित पट्टी और पुष्प वाटिका इस जंक्शन को विश्वस्तरीय रूप देंगे। BDA उपाध्यक्ष सौम्या पाण्डेय के अनुसार- यह चौक बरेली की प्राचीन धार्मिक परंपरा और आधुनिक भविष्य के सशक्त समन्वय का प्रतीक बनेगा। यह पहल मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप बरेली को सांस्कृतिक गौरव के साथ आधुनिक विकास का नया चेहरा देगी।

# एसपी सिटी मानुष पारीक का तबादला, IPS चिराग जैन संभालेंगे शहर में सुरक्षा की कमान

क्यूँ न लिखूँ सच /ब्यूरो /बरेली। पुलिस अधीक्षक नगर (एसपी सिटी) मानुष पारीक का तबादला हो गया है। उनकी जगह अब चिराग जैन बरेली के नए पुलिस अधीक्षक नगर होंगे। पारीक को आजमगढ़ में पुलिस अधीक्षक नगर के पद पर भेजा गया है। चिराग जैन 2020 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। वह इससे पहले आजमगढ़ में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पद पर कार्यरत थे। मानुष पारीक भी 2020 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। बरेली में उनका कार्यकाल करीब पौने तीन साल का रहा है। वह 30 जनवरी 2024 को बरेली में पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के पद पर तैनात हुए थे। यह पद उस समय नया सृजित किया गया था, जिससे वह बरेली के पहले पुलिस अधीक्षक दक्षिणी बने। करीब आठ महीने बाद उन्हें बरेली में ही पुलिस अधीक्षक नगर बनाया गया था। चिराग जैन का परिचय चिराग जैन उत्तर प्रदेश कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं। वह राजस्थान के भरतपुर के मूल निवासी हैं। उन्होंने मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीटेक की डिग्री हासिल की है। वर्ष 2020 बैच के अधिकारी जैन अब बरेली में पुलिस अधीक्षक नगर की कमान संभालेंगे।

# पूर्व सांसद भाजपा के छोड़ने पर समाजवादी पार्टी के नेता कर रहे स्वागत,क्या साईकिल पर सवारी की हो चुकी तैयारी!

क्यूँ न लिखूँ सच /ब्यूरो / बरेली। राज्यसभा के लिए दो प्रत्याशियों के नामांकन के फौरन बाद भाजपा में अंतर-कलह खुलकर सामने आ गई। आंवला के पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप ने बुधवार को अधिकारिक रूप से भाजपा छोड़ने का एलान कर दिया। भाजपा के लिए ये बड़ा तगड़ा और अप्रत्याशित झटका माना जा रहा है। इसलिए भी क्योंकि जिस अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को साधने के लिए पार्टी ने पहली बार एक ही जिले से एक ही वर्ग के दो राज्यसभा उम्मीदवार घोषित किए, उसी वर्ग के एक बड़े नेता ने इस फैसले पर पार्टी से बगावत करके अपनी नई राह बनाने का एलान कर दिया। मंगलवार को लखनऊ में राज्यसभा के प्रत्याशी कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह और झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार की बेटी श्रुति गंगवार ने अपने नामांकन दाखिल किए थे। इसी बीच बरेली में ओबीसी राजनीति के प्रमुख चेहरे आंवला के पूर्व सांसद धर्मेन्द्र कश्यप ने सोशल मीडिया पर टाटा, बाय-बाय लिखकर सियासी बवंडर खड़ा कर दिया था। जाहिर तौर पर माना जा रहा है कि वह राज्यसभा टिकट वितरण से नाराज थे। अपनी प्रोफाइल से पीएम मोदी का फोटो हटाकर तिरंगा लगा लिया। धर्मेंद्र कश्यप के भाजपा छोड़ने की आशंका और अटकलों के बीच बुधवार को उन्होंने अधिकारिक रूप से पार्टी छोड़ने का एलान कर दिया। पिछले 2024 के लोकसभा चुनाव में अपनी हार की टीस भी बयान की। पार्टी के अंदर से भितरघात का दर्द भी छलका और कार्रवाई न होने का मलाल भी। हालांकि उन्होंने किसी भी नेता का नाम नहीं लिया। बगैर नाम लिए ही अपनी नाराजगी जाहिर की।

# जिलाधिकारी आलोक कुमार ने किया निर्माणाधीन डिजिटल लाइब्रेरी एवं स्मृति हाल का औचक निरीक्षण

क्यूँ न लिखूँ सच / जिलाधिकारी आलोक कुमार ने नगर पालिका परिषद पीलीभीत के समीप बन रहे निर्माणाधीन डिजिटल लाइब्रेरी एवं स्मृति हाल के कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और प्रयुक्त हो रही सामग्री का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था के अधिकारी ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि परियोजना का लगभग 80 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। संस्था द्वारा जानकारी दी गई कि अवशेष बजट/धनराशि प्राप्त होते ही शेष बचे हुए कार्यों को तेजी से पूरा कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि डिजिटल लाइब्रेरी एवं स्मृति हाल के बन जाने से स्थानीय युवाओं, छात्रों और नागरिकों को अत्याधुनिक पठन-पाठन सामग्री एवं डिजिटल संसाधन उपलब्ध हो सकेंगे। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि आवश्यक प्रक्रियाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाए ताकि अवशेष कार्यों का संपादन ससमय सुनिश्चित हो सके और आमजन को इसका लाभ शीघ्र मिल सके। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, जेई सहित अन्य उपस्थित रहे।

# सिर पर आस्था का कलश, कदमों में एकता की रफ्तार-सेवा और स्वच्छता से सजा बरेली का दरबार

क्यूँ न लिखूँ सच /ब्यूरो / बरेली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बरेली में ऐतिहासिक सेवा संकल्प अभियान का आगाज हुआ। गांधी उद्यान पार्क से बरेली क्लब तक निकली भव्य कलश यात्रा में 8,000 से अधिक नागरिकों ने कदम से कदम मिलाकर हिस्सा लिया और पूरे शहर को उत्सव के रंग में रंग दिया। झांकियों में दिखा राष्ट्रप्रेम और संस्कृति का संगम यात्रा के दौरान भारत माता की जीवंत झांकी ने जहां देशभक्ति का जोश भरा, वहीं राधा-कृष्ण के स्वरूप ने भारतीय संस्कृति की छटा बिखेरी। रास्ते भर प्रदर्शित स्वच्छता संकल्प मॉडल ने हर नागरिक को अपने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का सीधा संदेश दिया। बरेली क्लब में सीधा प्रसारण, गूंजा जनभागीदारी का नारा गांधी उद्यान से लेकर बरेली क्लब तक के इस पूरे सफर का बड़े पर्दे पर सीधा लाइव प्रसारण किया गया, जिससे हजारों लोग इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बने। यह आयोजन सिर्फ एक धार्मिक या सांस्कृतिक यात्रा नहीं, बल्कि सेवा, संस्कार और राष्ट्रनिर्माण के लिए बरेली का साझा जनसंकल्प साबित हुआ।

# 60 लीटर दूध देने वाली 700 सुपर गायें तैयार करेगा लीड्स जेनेटिक्स

क्यूँ न लिखूँ सच /ब्यूरो / बरेली । भारत के उत्तर प्रदेश डेयरी सेक्टर में एक बड़ा वैज्ञानिक बदलाव देखने को मिल रहा है। बीएल एग्रो ग्रुप की सहायक बायोटेक कंपनी लीड्स जेनेटिक्स ने अपने उन्नत ब्रीडिंग प्रोग्राम के तहत अब तक 58 बछड़ों को सफलता पूर्वक जन्म दिला दिया गया है। कंपनी का उद्देश्य मध्य 2027 तक उच्च आनुवंशिक क्षमता वाली 700 गायें तैयार करना है। प्रतिदिन 40-60 लीटर दूध- इन चयनित गायों से प्रति पशु उत्पादकता बढ़ाकर रोजाना 40 से 60 लीटर तक दूध उत्पादन हासिल करने का लक्ष्य है। उन्नत तकनीक इसमें ओवम पिक-अप, आईवीएफ (IVF) और एम्ब्रियो ट्रांसफर जैसी आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल हो रहा है। यहाँ तक कि एक 14 वर्षीय गाय में भी इस तकनीक का सफल परीक्षण किया गया है। भारत-ब्राजील साझेदारी- गिर जैसी देशी नस्लों के संवर्धन के लिए ब्राजील की वैश्विक जेनेटिक विशेषज्ञता और संसाधनों का उपयोग किया जा रहा है, जहाँ शुरुआती बैच के भ्रूणों में 65-67% सफलता दर मिली है। कंपनी का विज़न- हमारा उद्देश्य भारतीय डेयरी क्षेत्र को अधिक उत्पादक, दक्ष और भविष्य के लिए तैयार करना है ताकि पशुओं की संख्या बढ़ाए बिना कम संसाधनों में अधिक दूध उत्पादन संभव हो सके।- आशीष खंडेलवाल, डायरेक्टर, लीड्स जेनेटिक्स

# कामचोर थानेदारों पर गिरी गाज, हत्यारे को दबोचने वाली टीम को शाबाशी

क्यूँ न लिखूँ सच /ब्यूरो / बरेली । एसएसपी अनुराग आर्य ने गूगल मीट के जरिए डेली क्राइम और वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान की समीक्षा की। लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों पर सख्त रुख अपनाया, वहीं बेहतर काम करने वाली टीम की पीठ भी थपथपाई। लापरवाह अफसरों पर एक्शन-वांछितों की धरपकड़ में ढिलाई बरतने पर कैण्ट, किला, देवरनियां, आँवला, फरीदपुर, बिथरी चैनपुर और भोजीपुरा के थाना प्रभारियों व विवेचकों के खिलाफ प्राथमिक जांच शुरू कर दी गई है। 10 थानेदारों को चेतावनी- अभियान में रुचि न लेने पर शीशगढ़, शेरगढ़, शाही, सिरौली, भमौरा, विशारतगंज, फतेहगंज पूर्वी, भुता, क्योलडिया और फतेहगंज पश्चिमी के थाना प्रभारियों की सर्विस बुक में चेतावनी दर्ज की गई। सुभाषनगर पुलिस को इनाम- हत्या के मामले में वांछित 25,000 के इनामी बदमाश को गिरफ्तार करने वाली सुभाषनगर पुलिस टीम को एसएसपी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कानून-व्यवस्था और बीट पुलिसिंग को मजबूत करने के लिए पुलिसकर्मियों को सी-प्लान (C-Plan) ऐप का प्रभावी इस्तेमाल करने तथा गांवों के गणमान्य नागरिकों को इससे जोड़ने के निर्देश दिए गए।

### रुविवि का डंका: 40 विश्वविद्यालयों को पछाड़कर राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में जीता पहला स्थान

क्यूँ न लिखूँ सच /ब्यूरो / बरेली। सेवा संकल्प अभियान के तहत डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय (एमजेपी रुविवि) के सांस्कृतिक केंद्र ने प्रथम स्थान हासिल कर परचम लहराया है।मेरे सपनों का भारत-विकसित भारत की संकल्पना विषय पर हुई इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 40 विश्वविद्यालयों के 120 से अधिक वक्ताओं ने हिस्सा लिया। दो चरणों की कड़ी प्रतिस्पर्धा और शीर्ष 12 के फाइनल राउंड को पार करते हुए रुविवि ने यह जीत दर्ज की। विश्वविद्यालय परिवार ने इसे विकसित भारत @2047 की दिशा में युवाओं की सशक्त भागीदारी बताते हुए अन्य छात्रों के लिए बड़ी प्रेरणा कहा है।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

### सीएमओ ने भमोरा के संवेदनशील गांवों में परखी संचारी रोग अभियान की हकीकत

क्यूँ न लिखूँ सच /ब्यूरो / बरेली। विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के तहत मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) ने विकास खंड भमोरा के अति संवेदनशील गांव नवगवा अहिरान और सैधा का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण की शुरुआत सीएचसी से हुई, जहां सीएमओ ने ओपीडी रजिस्टर और आभा आईडी की प्रगति जांची। इसके बाद नवगवा अहिरान में नालियों की खराब सफाई पर गहरी नाराजगी जताते हुए एडीओ पंचायत व ग्राम प्रधान को तत्काल सफाई कराने तथा साप्ताहिक फॉगिंग व एंटीलार्वा छिड़काव के कड़े निर्देश दिए। सीएमओ ने मलेरिया मरीजों की दवाओं की जांच कर उन्हें पूरा कोर्स लेने की सलाह दी। साथ ही ग्रामीणों को पूरी बांह के कपड़े पहनने, मच्छरदानी लगाने और बुखार आने पर तुरंत जांच कराने के लिए जागरूक किया। इस दौरान जिला मलेरिया अधिकारी, सीएचसी अधीक्षक, ग्राम प्रधान और आशा कार्यकत्रियां मौजूद रहीं।

### जनगणना में फील्ड ट्रेनर्स की ट्रेनिंग शुरू , लापरवाही बर्दाश्त नहीं - डीएम

क्यूँ न लिखूँ सच /ब्यूरो / बरेली । भारत की जनगणना-2027 के द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना) को पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के लिए रवीन्द्रनाथ टैगोर इंटर कॉलेज, कैंट में तीन दिवसीय फील्ड ट्रेनर्स प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। दो चरणों में ट्रेनिंग- मास्टर ट्रेनर्स द्वारा 174 फील्ड ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रथम चरण 07 से 09 अक्टूबर 2026 और द्वितीय चरण 13 से 15 अक्टूबर 2026 तक चलेगा। ये ट्रेनर्स आगे चलकर सुपरवाइजरों और प्रगणकों को ट्रेंड करेंगे। पूछे जाएंगे 40 सवाल, दस्तावेज की जरूरत नहीं- डीएम ने स्पष्ट किया कि गणना के दौरान प्रत्येक नागरिक से निर्धारित 40 प्रश्न पूछे जाएंगे और उनके बताए उत्तर ही दर्ज होंगे। किसी से भी दस्तावेज या कागजात की कॉपी नहीं मांगी जाएगी। लापरवाही पर सख्त हिदायत- राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य में किसी भी स्तर पर कोताही न बरतने के निर्देश दिए गए। जनगणना ड्यूटी से छूट के लिए गैर-जरूरी आवेदनों पर रोक रहेगी। केवल गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं पर ही मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार विचार होगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संतोष कुमार सिंह सहित संबंधित प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

### SIR विरोध के बीच फूंका BJP का झंडा, पुलिस दर्ज करेगी FIR

क्यूँ न लिखूँ सच /ब्यूरो / बरेली । चौकी चौराहे पर मंगलवार को स्धक्र के विरोध में समाजवादी पार्टी का प्रदर्शन अचानक बेकाबू हो गया। कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंकने के साथ-साथ भाजपा के झंडे में भी आग लगा दी। मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों ने फौरन हस्तक्षेप कर जलते झंडे को बुझाया और हालात संभाले। इस घटना को पुलिस प्रशासन ने बेहद गंभीरता से लिया है। मौके की वीडियो फुटेज और तस्वीरों के जरिए झंडा व पुतला जलाने वालों की शिनाख्त की जा रही है। पुलिस प्रदर्शन के आयोजकों और सीधे तौर पर शामिल लोगों पर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की तैयारी में है। वहीं, सपा कार्यकर्ताओं ने मतदाताओं की परेशानियों का हवाला देते हुए SIR के खिलाफ आंदोलन जारी रखने का ऐलान किया है।

# चोरी की दो बाइकों व तमंचे समेत दो शातिर गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच /ब्यूरो / बरेली। सुभाषनगर पुलिस ने चोरी की बाइकें बेचने की फिराक में खड़े दो युवकों को बीडीए गेट के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी की दो मोटरसाइकिलें और एक अवैध तमंचा बरामद हुआ है। प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार नैन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर मनीश (27, निवासी मढ़ीनाथ) और ललित कश्यप (24, निवासी करगैना) को दबोचा। पूछताछ में आरोपियों ने कबूला कि उन्होंने एक बाइक मढ़ीनाथ और दूसरी बरेली जंक्शन के पास से चुराई थी, जिन्हें वे अपने निजी शौक पूरे करने के लिए बेचने जा रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस व आर्म्स एक्ट की सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर जेल भेज दिया है।

# कलेक्ट्रेट हेल्प डेस्क का कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने किया आकस्मिक निरीक्षण

क्यूँ न लिखूँ सच / हाकम सिंह रघुवंशी/विदिशा- कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने आज कलेक्ट्रेट भवन के प्रवेश द्वार पर संचालित हेल्प डेस्क का आकस्मिक निरीक्षण कर वहां संपादित किए जा रहे कार्यों एवं नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्ट्रेट के प्रवेश द्वार पर संचालित हेल्प डेस्क के माध्यम से आम नागरिकों से विभिन्न प्रकार के आवेदन प्राप्त करने के साथ-साथ संबंधित कार्यों एवं प्रक्रियाओं की अद्यतन जानकारी साझा करने का कार्य किया जा रहा है। हेल्प डेस्क के माध्यम से नागरिकों को आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराने तथा उनकी समस्याओं एवं आवेदनों को संबंधित शाखाओं तक पहुंचाने में सहायता प्रदान की जाती है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने हेल्प डेस्क पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा वहां मौजूद अमले से संपादित किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि हेल्प डेस्क पर नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सूचनाएं स्पष्ट एवं सुव्यवस्थित रूप से प्रदर्शित की जाएं।कलेक्टर श्री गुप्ता ने विशेष रूप से सूचना पटल पर आवश्यक जानकारी चस्पा कराने तथा हेल्प डेस्क पर तैनात अमले के नाम एवं संपर्क नंबर भी प्रमुखता से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को आवश्यक जानकारी प्राप्त करने में सुविधा हो और वे संबंधित कर्मचारी से सीधे संपर्क कर सकें।उन्होंने हेल्प डेस्क की व्यवस्थाओं को नागरिक सुविधा केंद्रित बनाए रखने तथा प्राप्त आवेदनों एवं नागरिकों को दी जाने वाली जानकारी के कार्य में तत्परता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान संयुक्त कलेक्टर सुश्री निकिता तिवारी सहित हेल्प डेस्क का अमला मौजूद रहा।

# धूमधाम से निकली शिव बारात, काली अखाड़े के हैरतअंगेज करतबों ने मोहा मन

क्यूँ न लिखूँ सच / श्याम जी कश्यप / फर्रुखाबाद शहर मंगलवार देर शाम हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से गूंज उठा। श्री मधु रामलीला मंडल की ओर से शहर में भव्य शिव बारात निकाली गई। बारात में शामिल आकर्षक झांकियों और धार्मिक प्रस्तुतियों को देखने के लिए जगह-जगह लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। शिव बारात की शुरुआत रात करीब 8 बजे रेलवे स्टेशन के पास ठंडी सड़क स्थित गेस्ट हाउस से हुई। इसके बाद बारात शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए करीब रात 11 बजे तक निकली। रास्तेभर श्रद्धालु भगवान शिव के जयकारे लगाते नजर आए। बारात में सबसे आगे भगवान गणेश की भव्य झांकी रही। इसके बाद माता काली का अखाड़ा, भगवान हनुमान, तिरुपति बालाजी, भगवान विष्णु और माता दुर्गा सहित कई देवी-देवताओं की सुंदर झांकियां शामिल रहीं। झांकियों ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा और श्रद्धालुओं ने दर्शन कर आशीर्वाद लिया। काली अखाड़े के हैरतअंगेज करतब रहे आकर्षण का केंद्र-माता काली के अखाड़े में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज करतब दिखाए। करतब देखने के लिए सड़क किनारे बड़ी संख्या में लोग जमा रहे। कलाकारों की प्रस्तुतियों ने लोगों को खूब उत्साहित किया और देर रात तक माहौल भक्तिमय बना रहा। भक्ति गीतों पर झूमते रहे श्रद्धालु-शिव बारात में बैंड और भक्ति गीतों की धुनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते नजर आए। पूरे रास्ते %हर-हर महादेव% और %बम-बम भोले% के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। शिव बारात के आयोजन में मंडल अध्यक्ष मनमोहन मिश्रा, मंत्री विक्रम अग्निहोत्री, बारात संयोजक मंजुल मिश्रा और व्यवस्थापक जितेंद्र कुमार तिवारी सहित मंडल के अन्य सदस्य मौजूद रहे। सुरक्षा को लेकर पुलिस भी रही मुस्तैदबारात के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रहा, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके। फर्रुखाबाद की सड़कों पर दिखा आस्था और उत्सव का संगम। आपने भी फर्रुखाबाद की शिव बारात देखी? कमेंट में बताइए कि आपको कौन-सी झांकी सबसे ज्यादा पसंद आई।

# शमशाबाद की 10 महिलाओं ने रचा आत्मनिर्भरता का नया अध्याय, अपना ब्रांड खड़ा कर बनीं मिसाल

क्यूँ न लिखूँ सच / श्याम जी कश्यप / फर्रुखाबाद के शमशाबाद ब्लॉक के पसियापुर गांव की महिलाओं ने साबित कर दिया कि हुनर और मेहनत के दम पर गांव में रहकर भी बड़ा मुकाम हासिल किया जा सकता है। यहां मां गायत्री महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ी 10 महिलाओं ने मिलकर अपना खुद का मसाला ब्रांड %पांचाल प्रीमियम स्पाइसेस% शुरू किया है। 2023 में हुआ था समूह का गठन- मां गायत्री महिला स्वयं सहायता समूह की शुरुआत वर्ष 2023 में हुई थी। समूह से कुल 10 महिलाएं जुड़ी हैं, जिनमें 6 महिलाएं नियमित रूप से काम कर रही हैं। समूह की प्रमुख सदस्यों में दीक्षा सिंह भी शामिल हैं। चार तरह के मसालों से शुरू हुआ सफर- महिलाएं अपने ब्रांड के तहत हल्दी, लाल मिर्च, धनिया और गरम मसाला तैयार कर रही हैं। खास बात यह है कि इन मसालों को बाजार तक पहुंचाने के लिए महिलाओं ने अपना अलग ब्रांड नाम %पांचाल प्रीमियम स्पाइसेस% रखा है। स्नस्स्ढ्ढ से भी मिली मंजूरी- समूह के मसाला ब्रांड को एफएसएसएआई की मंजूरी मिली हुई है। इसका रजिस्ट्रेशन नंबर 22726306000502 है, जो वर्ष 2029 तक वैध बताया गया है। अब सरकारी स्कूलों के मिड-डे-मील में भी इस्तेमाल- महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे इन मसालों की पहुंच अब सरकारी स्कूलों के मिड-डे-मील (स्ठरू) तक भी हो गई है। यानी एक तरफ बच्चों के भोजन में मसालों की सप्लाई हो रही है, वहीं दूसरी ओर महिलाओं को नियमित काम और बाजार मिल रहा है। घर के पास मिला रोजगार, बढ़ा आत्मविश्वास- इस पहल की सबसे बड़ी खासियत यही है कि गांव की महिलाओं को रोजगार के लिए दूर जाने की जरूरत नहीं पड़ रही। घर और गांव के आसपास रहकर ही वे उत्पादन, पैकिंग और सप्लाई से जुड़कर अपनी आमदनी बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। %पांचाल% नाम के पीछे भी स्थानीय पहचान- ब्रांड का नाम %पांचाल प्रीमियम स्पाइसेस% क्षेत्र की ऐतिहासिक और स्थानीय पहचान से जुड़ा है। इसका नाम प्राचीन पांचाल घाट से प्रेरित बताया गया है। यह कहानी सिर्फ मसाले बनाने की नहीं, बल्कि गांव की महिलाओं के आत्मविश्वास, मेहनत और आत्मनिर्भर बनने की कहानी है। अगर ऐसे स्थानीय उत्पादों को बाजार और लोगों का सहयोग मिलता रह

# फर्रुखाबाद फतेहगढ़ स्टेडियम में सेवा ज्योति यात्रा का आयोजन: 500 से ज्यादा भाजपा कार्यकर्ता पहुंचे, एलईडी स्क्रीन पर पीएम मोदी का संबोधन सुना

क्यूँ न लिखूँ सच / श्याम जी कश्यप / फर्रुखाबाद के फतेहगढ़ स्टेडियम में बुधवार को विकसित भारत संकल्प सभा के तहत 'सेवा ज्योति यात्रा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह करीब 10 बजे हुई। कार्यक्रम में भाजपा के सांसद, विधायक, जिला पदाधिकारी और बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए।सुबह से ही फतेहगढ़ स्टेडियम में कार्यक्रम को लेकर तैयारियां चल रही थीं। निर्धारित समय के आसपास कार्यकर्ताओं का पहुंचना शुरू हो गया। कार्यक्रम स्थल पर एक बड़ा पंडाल लगाया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में कुर्सियों की व्यवस्था की गई थी। देखते ही देखते पंडाल की अधिकांश कुर्सियां भर गईं और 500 से ज्यादा भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहे।दिल्ली के मुख्य कार्यक्रम का हुआ लाइव प्रसारण- कार्यक्रम स्थल पर दिल्ली में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाने के लिए बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई गई थी। इसके अलावा एक छोटी एलईडी स्क्रीन की भी व्यवस्था की गई। इसी के जरिए कार्यकर्ताओं ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुना। कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने स्क्रीन पर दिल्ली से प्रसारित कार्यक्रम को देखा और प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना। पंडाल के अंदर बैठने के साथ-साथ बाहर मौजूद लोगों के लिए भी कार्यक्रम देखने की व्यवस्था की गई थी। जिला प्रभारी, सांसद और विधायकों का हुआ स्वागत- कार्यक्रम में भाजपा जिला प्रभारी नरेंद्र राजपूत, सांसद मुकेश राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा, सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य, कायमगंज विधायक डॉ. सुरभि और भोजपुर विधायक डॉ. नागेंद्र सिंह राठौड़ समेत कई पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।कार्यक्रम में पहुंचे जिला प्रभारी, सांसद, विधायक और पार्टी पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। कई विधायक अपने समर्थकों के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। इस दौरान 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर दावेदारी कर रहे कई चेहरे भी कार्यक्रम में नजर आए, जिससे राजनीतिक हलकों में भी कार्यक्रम चर्चा का विषय रहा।तेज धूप के बीच पेड़ों की छांव में खड़े दिखे कार्यकर्ता- कार्यक्रम के दौरान जैसे-जैसे धूप तेज हुई, पंडाल के बाहर मौजूद कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को गर्मी का सामना करना पड़ा। बाहर कुर्सियों की व्यवस्था होने के बावजूद कई लोग पेड़ों की छांव में खड़े होकर कार्यक्रम देखते नजर आए। कुछ कार्यकर्ता और पदाधिकारी पेड़ों के नीचे खड़े होकर एलईडी स्क्रीन पर दिल्ली से प्रसारित संबोधन सुनते रहे। वहीं पंडाल के अंदर बैठे कार्यकर्ता स्क्रीन के जरिए पूरे कार्यक्रम से जुड़े रहे। फतेहगढ़ स्टेडियम बना भाजपा कार्यकर्ताओं की जुटान का केंद्र कार्यक्रम को लेकर फतेहगढ़ स्टेडियम में सुबह से ही भाजपा कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटती रही। बड़ी एलईडी स्क्रीन के जरिए दिल्ली के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। सांसद, विधायक, जिला पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की मौजूदगी के बीच कार्यक्रम आयोजित हुआ। फर्रुखाबाद में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान पार्टी संगठन की सक्रियता और आगामी राजनीतिक गतिविधियों की झलक भी देखने को मिली।

# आशा कार्यकर्ताओं का धरना छठे दिन भी जारी, आंदोलन तेज करने की चेतावनी

क्यूँ न लिखूँ सच / श्याम जी कश्यप / फर्रुखाबाद में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आशा कार्यकर्ताओं और संगिनियों का सात सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहा धरना मंगलवार को छठे दिन भी जारी रहा। अपनी मांगों को लेकर आशा कार्यकर्ताओं ने विभाग के खिलाफ नाराजगी जताई और जल्द समाधान की मांग की।धरने की जानकारी मिलने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. आनंद उपाध्याय आशा कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बातचीत कर उनकी समस्याएं और मांगें सुनीं। इस दौरान आशा कार्यकर्ताओं ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर विस्तार से अपनी बात रखी।बातचीत के दौरान गदनपुर की संगिनी जहांआरा ने आंदोलन की आगे की रणनीति के बारे में सीएमओ को जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य विभाग के कई महत्वपूर्ण कार्यों में लगातार सहयोग करती हैं, लेकिन लंबे समय से उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। जहांआरा ने चेतावनी दी कि अगर मांगों पर जल्द कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो बुधवार से जिलेभर में वैक्सीनेशन का काम बंद करने का फैसला लिया जा सकता है। इससे स्वास्थ्य विभाग के सामने भी बड़ी चुनौती खड़ी हो सकती है। उन्होंने बताया कि 11 अक्टूबर को जिलेभर की आशा कार्यकर्ता सीएमओ कार्यालय पहुंचकर धरना देंगी। इसके बाद भी अगर मांगों का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और बड़ा किया जाएगा और इसे प्रदेश स्तर तक ले जाने की तैयारी है।आशा कार्यकर्ताओं के मुताबिक, 23 अक्टूबर को लखनऊ में भी प्रदर्शन किया जाएगा। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांगों को लेकर कोई ठोस फैसला नहीं होता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। वहीं, आशा कार्यकर्ता सरिता तिवारी ने भी स्पष्ट कहा कि केवल आश्वासन से आंदोलन खत्म नहीं होगा। मांगों पर ठोस फैसला होने के बाद ही आगे की रणनीति पर विचार किया जाएगा।सीएमओ डॉ. आनंद उपाध्याय ने आशा कार्यकर्ताओं को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित स्तर पर कार्रवाई किए जाने का भरोसा दिया है। अब देखना होगा कि स्वास्थ्य विभाग और आशा कार्यकर्ताओं के बीच बातचीत से कोई समाधान निकलता है या फिर आने वाले दिनों में आंदोलन और तेज होता है।

## संक्षिप्त समाचार

# कॉलेज में भाजपा प्रदेश मंत्री का जोरदार स्वागत

क्यूँ न लिखूँ सच / फतेहगंज पश्चिमी। यूनिक मॉडल इंटर कॉलेज में बुधवार को भाजपा प्रदेश मंत्री सुभाषिनी जायसवाल का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया और स्मृति चिह्न भेंट किया।सुभाषिनी जायसवाल मुरादाबाद से फरीदपुर जाते समय कॉलेज पहुंचीं। कॉलेज प्रबंधक रमन कुमार जायसवाल के नेतृत्व में हुए स्वागत कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक डॉ. डीसी वर्मा, मंडल अध्यक्ष कैलाश शर्मा, जिला मंत्री संजय चौहान, चक्रवीर सिंह चौहान, संदीप गुप्ता, अजय गुप्ता, जसवीर सिंह, सुनील शर्मा, ओमेंद्र सिंह चौहान, धर्मवीर सिंह, प्रेमपाल गंगवार और डॉ. हरदेव गंगवार समेत भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। स्वागत के बाद प्रदेश मंत्री फरीदपुर के लिए रवाना हो गईं।

# अचानक घर से गायब दो सगी वाहनों को पुलिस ने किया बरामद

क्यूँ न लिखूँ सच / फतेहगंज पश्चिमी। इलाके एक गांव से तीन दिन पहले गायब हुई दो सगी बहने बुधवार को पुलिस ने बरामद कर ली है।बृहस्पतिवार को उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीन कुमार ने बताया एक गांव की दो सगी बहने अचानक कही चली गई थी।उनके पिता ने मंगलवार को गांव के ही तीन लड़कों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।पुलिस उनके घर दबिश दी थी।लेकिन वह मिले नहीं।बुधवार को दोनो सगी बहने अचानक थाना पहुंच गई।महिला पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। सीओ हाइवे देवेश सिंह ने बताया बृहस्पतिवार को पुलिस उन्हें कोर्ट में पेश करेगी।उनके बयान के आधार पर कोर्ट के आदेश पर उन्हें सौंपा जाएगा।

# सर्राफ की दुकान से अंगूठी लेकर भागा युवक गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच / फतेहगंज पश्चिमी। सर्राफ की दुकान से सोने की अंगूठी लेकर फरार हुए युवक को पुलिस ने बुधवार को कोर्ट में पेशी के बाद जेल भेज दिया।पुलिस उसके पास से अंगूठी भी बरामद कर ली है।जानकारी के मुताबिक मोनिका ज्वैलर्स के संचालक अंकित अग्रवाल ने पांच अक्तूबर को पुलिस को तहरीर देकर बताया था। एक युवक ग्राहक बनकर दुकान पर आया और सोने की अंगूठी देखने के दौरान उसे पहनकर फरार हो गया। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था।सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस उसे तलाश कर ही रही थी।तब तक वह अगले दिन मंगलवार को ज्वैलर्स की दुकान पर खुद पहुंचकर गलती की माफी मांगने लगा।सर्राफ अंकित की सूचना पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।हालांकि पुलिस ने उसे राधा कृष्ण मंदिर के पास से गिरफ्तार दिखाया है।पूछताछ के दौरान उससे सोने की अंगूठी बरामद कर ली है।सील करके कोर्ट में आरोपी के साथ पेश की है। पूछताछ में आरोपी की पहचान राजेन्द्र निवासी फरीदापुर रामचरन के रूप में हुई।उसने पुलिस को लालच में आकर घटना करना बताया। पुलिस ने बुधवार को उसे कोर्ट में पेशी के बाद कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया। सीओ हाइवे देवेश सिंह ने बताया आरोपी राजेंद्र मौर्य को फतेहगंज पश्चिमी पुलिस ने गिरफ्तार कर बुधवार को कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया।

# हाईवे किनारे जुआ खेलते छह दबोचे, फड़ से 15 हजार बरामद

क्यूँ न लिखूँ सच /फतेहगंज पश्चिमी। हाईवे से रुकमपुर जाने वाले पुराने रास्ते पर जुआ खेल रहे छह लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 52 ताश के पत्ते और 15 हजार रुपये बरामद हुए हैं। सभी के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार मंगलवार को मुखबिर से सूचना मिली कि हाईवे किनारे पुराने रास्ते पर कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना भरोसा करके पुलिस टीम ने घेराबंदी कर छापा मारकर टियूलिया गांव निवासी प्रिंस, अजय, बाबू, मुकेश, नरेश और रहपुरा चौधरी गांव निवासी मोहम्मद यासीन को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपियों की जेब से 6500 रुपये और फड़ से 8500 रुपये समेत कुल 15 हजार रुपये नकद बरामद हुए। पुलिस ने मौके से ताश के पत्ते और बिछा हुआ कपड़ा भी कब्जे में लिया है। सीओ हाइवे देवेश सिंह ने बताया सभी जुआरियो को गिरफ्तार करके फतेहगंज पश्चिमी पुलिस ने जेल भेजा है।

# संजय रघुवंशी बने विदिशा तहसील अध्यक्ष, नटेरन में हुआ स्वागत

क्यूँ न लिखूँ सच /हाकम सिंह रघुवंशी/ नटेरन। रघुवंशी समाज के संगठन को मजबूत करने की दिशा में संजय रघुवंशी (सुरई मुडरा वाले) को विदिशा तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर नटेरन में जनपद कार्यालय में स्वागत समारोह आयोजित कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुवंशी समाज डॉ. उमाशंकर जी के अनुमोदन, प्रदेश अध्यक्ष श्री प्रहलाद सिंह जी की अनुशंसा तथा जिला अध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी की सहमति से संजय रघुवंशी को विदिशा तहसील अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नटेरन जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि यशपाल रघुवंशी एवं जनपद सदस्य अंसूज शर्मा ने जनपद कार्यालय में संजय रघुवंशी का स्वागत करते हुए उन्हें नवीन दायित्व के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राजेश रघुवंशी, नीलम रघुवंशी, अखलेश रघुवंशी, राजू मामा सहित मित्र मंडल के सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि संजय रघुवंशी संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में प्रभावी रूप से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि नए दायित्व के माध्यम से समाज के लोगों को एकजुट करने और संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। संजय रघुवंशी की नियुक्ति पर समाजजनों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल एवं सफल संगठनात्मक दायित्व के लिए हार्दिक शुभकामनाएं एवं मंगलकामनाएं प्रेषित कीं।

## नटेरन अघोषित बिजली कटौती से गुस्साए किसानों का फूटा गुस्सा: भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में बिजली दफ्तर का घेराव, 2 घंटे चला धारना प्रदर्शन

क्यूँ न लिखूँ सच /हाकम सिंह रघुवंशी/ विदिशा जिले के नटेरन तहसील क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती और पंप लाइनों में पर्याप्त बिजली न मिलने से नाराज किसानों का सब्र बुधवार को आखिरकार सब्र का बांध टूट ही गया। भारतीय किसान संघ के बैनर तले क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसानों और भारतीय किसान संघ नटेरन तहसील इकाई के पदाधिकारियों ने स्थानीय विद्युत वितरण कंपनी (बिजली विभाग) कार्यालय का शंखनाद कर घेराव किया। इस दौरान आक्रोशित किसानों ने बिजली विभाग कार्यालय प्रांगण में ही डेरा डाल दिया और लगभग 2 घंटे तक भारतीय किसान संघ पद अधिकारी और किसानों का धरना-प्रदर्शन चलता रहा।खेती के लिए 10 घंटे निर्बाध बिजली की मांग पर अड़े किसान धरने पर बैठे नटेरन तहसील इकाई के भारतीय किसान संघ पद अधिकारी और किसानों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि नटेरन छ्ष्ट क्षेत्र में इन दिनों पंप लाइनों में भारी अघोषित कटौती की जा रही है, जिससे धान की फसलों की सिंचाई पूरी तरह ठप पड़ गई है। समय पर पर्याप्त बिजली न मिलने के कारण किसानों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। धरने पर बैठे प्रदर्शनकारी किसान और भारतीय किसान संघ पद अधिकारी नटेरन बिजली विभाग कार्यालय प्रांगण में लगातार धरना प्रदर्शन देते हुए खेती के लिए 10 घंटे निर्बाध (बिना कटौती के) बिजली देने की मांग पर अड़े रहे। नटेरन जेई (छ्श्ब) के लिखित आश्वासन के बाद खत्म हुआ आंदोलन ञ- नटेरन के बिजली विभाग कार्यालय के प्रांगण में भारतीय किसान संघ पद अधिकारी और किसानों के धरना प्रदर्शन की स्थिति को देखते हुए नटेरन विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता (जेई) लालेराम खैरवार मौके पर पहुंचे। उन्होंने धारणा प्रदर्शन कर रहे किसानों और भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन काफी देर तक चली तीखी चर्चा और समझाइश के बाद, बिजली विभाग के जेई ने किसानों की मांगों को गंभीरता से लेते हुए एक लिखित आश्वासन पत्र सौंपा।इस लिखित आश्वासन पत्र में बिजली आपूर्ति में तुरंत सुधार करने और पर्याप्त बिजली देने के प्रयास करने की बात कही गई, जिसके बाद भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों और किसानों ने अपना 2 घंटे लंबा धरना प्रदर्शन समाप्त किया। इस धरना प्रदर्शन में नटेरन तहसील इकाई के भारतीय किसान संघ के पद अधिकारी और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। प्रमुख बयान नटेरन छ्ष्ट क्षेत्र का किसान अघोषित बिजली कटौती से पूरी तरह त्रस्त हो चुका है। पम्प लाइन में पर्याप्त बिजली न मिलने से फसलें प्रभावित हो रही हैं। हमारी स्पष्ट मांग है कि किसानों को खेती के लिए 10 घंटे पूरी बिजली दी जाए। यदि लिखित आश्वासन के बाद भी सुधार नहीं हुआ, तो भारतीय किसान संघ इससे भी बड़ा उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।- *बालमुकुंद तिवारी, अध्यक्ष, भारतीय किसान संघ (तहसील इकाई नटेरन) प्रमुख बयान किसानों की समस्याओं को सुना गया है। तकनीकी कारणों और लोड शेडिंग की वजह से जो दिक्कतें आ रही थीं, उन्हें जल्द दूर किया जाएगा। किसानों को उनकी मांग के अनुसार सुचारू रूप से बिजली उपलब्ध कराने के लिए विभाग प्रतिबद्ध है। किसानों को लिखित आश्वासन दे दिया गया है।-लालेराम खैरवार, जेई (JE), बिजली विभाग, नटेरन

# सेवा ज्योति से गूंजा विकसित भारत का संकल्प, विदिशा में जुटे हजारों कार्यकर्ता

क्यूँ न लिखूँ सच /हाकम सिंह रघुवंशी/ पीएम मोदी के जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा का भव्य आयोजन; पाँचो विधानसभाओं से पहुंचे कार्यकर्ता, हितग्राही, आमजन और मातृशक्ति विदिशा-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा बुधवार को जिला भाजपा कार्यालय में 'विकसित भारत संकल्प सभा' एवं 'सेवा ज्योति संकल्प यात्रा' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले की पांचों विधानसभा विदिशा , बासौदा ,कुरवाई, सिरोंज , शमशाबाद से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, हितग्राही, विशिष्टजन, आमजन एवं मातृशक्ति शामिल हुए। जिला मीडिया प्रभारी डा.राहुल जैन ने बताया कि यह गरिमामय कार्यक्रम राज्यसभा सांसद श्री रजनीश अग्रवाल जी के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला संगठन प्रभारी श्री सीता राम यादव , भाजपा जिला अध्यक्ष श्री महाराज सिंह दांगी, विदिशा विधायक श्री मुकेश टंडन, बासौदा विधायक श्री हरि सिंह रघुवंशी,कुरवाई विधायक श्री हरि सिंह सप्रे, सिरोंज विधायक श्री उमाकांत शर्मा, शमशाबाद विधायक श्री सूर्य प्रकाश मीणा,राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त खादी ग्रामोद्योग बोर्ड उपाध्यक्ष डॉ. राकेश जादोंन, राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त वन विकास निगम उपाध्यक्ष श्री राम मोहन बघेल , प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री श्याम सुंदर शर्मा,जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता रघुवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शर्मा ,श्रीमती शशि यादव, प्रदेश प्रवक्ता श्रीमति मंजरी जैन,जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री वीर सिंह रघुवंशी, पूर्व जिला अध्यक्ष श्री तोरण सिंह दांगी, जिला महामंत्री एवं अभियान संयोजक श्री बलवीर रघुवंशी ,श्री अनिल , श्री रवि सोनी, जिला उपाध्यक्ष श्री संतोष शर्मा, श्री पंकज पांडे,श्री संदीप डोंगर सिंह,श्री संदीप ठाकुर,श्रीमति अंशलेखा भावसार उपस्थित रहे।सुबह 10 बजे दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का जिला कार्यालय स्थित आयोजन स्थल पर विशाल एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन एवं जनसेवा से जुड़े कार्यों पर प्रकाश डाला। हाराज सिंह दांगी ने अतिथियों के साथ सेवा संकल्प ज्योति प्रज्वलित की। इसके बाद सेवा ज्योति रथ के साथ सेवा ज्योति संकल्प यात्रा निकाली गई। यात्रा आयोजन स्थल से प्रारंभ होकर भ्रमण पश्चात पुन: आयोजन स्थल पर वापस आई। इसके पश्चात पांचों विधानसभाओं के प्रभारी एवं कार्यकर्ता सेवा संकल्प ज्योति लेकर अपनी-अपनी विधानसभा के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर भाजपा के जिला पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष, सभी मोर्चा जिला अध्यक्ष सहित जिले भर से हजारो कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीम एवं स्टॉल लगाने वाले ब्लॉकों को किया सम्मानित

क्यूँ न लिखूँ सच / सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जनपद पीलीभीत में विभिन्न रचनात्मक एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गांधी स्टेडियम परिसर में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से आकर्षण का केंद्र बनी 76 फीट लंबी भव्य रंगोली तैयार की गई। रंग-बिरंगे फूलों एवं प्राकृतिक रंगों से सजी इस विशाल रंगोली के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं शिक्षा संबंधी योजनाओं को आकर्षक एवं रचनात्मक रूप में प्रदर्शित किया गया।

भव्य रंगोली का जिलाधिकारी आलोक कुमार, मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्रा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह एवं जिला विकास अधिकारी संजय कुमार ने अवलोकन किया। अधिकारियों ने रंगोली की कलात्मकता, विषय-वस्तु एवं योजनाओं के प्रभावी प्रस्तुतीकरण की सराहना की। रंगोली में शिक्षा, बालिका शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, जनकल्याण एवं सरकार की विभिन्न योजनाओं को रंगों और फूलों के माध्यम से बेहद आकर्षक ढंग से उकेरा गया। जिलाधिकारी आलोक कुमार ने रंगोली तैयार करने वाली टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियां बच्चों, शिक्षकों एवं आमजन में जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ कला एवं सृजनात्मकता को भी प्रोत्साहित करती हैं। उन्होंने उत्कृष्ट रंगोली तैयार करने वाली टीम को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने भी टीम के सदस्यों की प्रशंसा की। स्टॉल एवं विभिन्न गतिविधियों के बेहतर प्रदर्शन के आधार पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले ब्लॉकों का चयन किया गया। जिलाधिकारी ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले ब्लॉकों को सम्मानित किया तथा संबंधित अधिकारियों एवं शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया।

## संक्षिप्त समाचार

### मतदान के लिए मतदाता फोटो पहचान पत्र अथवा वैकल्पिक दस्तावेज जरूरी

क्यूँ न लिखूँ सच / अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने समस्त संबंधित मतदाताओं से अपील की है कि मतदान के समय निर्धारित पहचान दस्तावेज साथ लेकर आएं, जिससे मतदान प्रक्रिया सुचारु एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न हो सके। उन्होंने सूचित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश विधान परिषद के बरेली-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के लिए 23 अक्टूबर 2026 को मतदान कराया जाएगा। मतदान में प्रतिरूपण को रोकने के दृष्टिगत ऐसे मतदाता, जिन्हें मतदाता फोटो पहचान पत्र जारी किया गया है, उन्हें मतदान से पूर्व अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। ऐसे निर्वाचक जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, वे अपनी पहचान स्थापित करने के लिए आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, राज्य/केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय निकायों अथवा अन्य निजी औद्योगिक घरानों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी सेवा पहचान-पत्र, सांसदों, विधायकों एवं पार्षदों को जारी सरकारी पहचान-पत्र, संबंधित शिक्षक क्षेत्र के निर्वाचक को नियोजित करने वाले शैक्षिक संस्थान द्वारा जारी सेवा पहचान-पत्र, विश्वविद्यालय द्वारा जारी डिग्री/डिप्लोमा का मूल प्रमाण-पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता संबंधी मूल प्रमाण-पत्र अथवा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं।

### सुरक्षा कर्मियों के पंजीयन हेतु विकासखण्ड स्तर पर शिविर आयोजित कराने के निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच / जनपद बदायूं कमान्डेंट, क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, लखनऊ के आदेश पर जनपद में एसआईएस द्वारा सुरक्षा कर्मियों के पंजीयन हेतु शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) मानवेन्द्र सिंह ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्धारित तिथियों एवं स्थानों पर पंजीयन शिविर आयोजित कराने के निर्देश दिए हैं। अपर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि संबंधित विकासखण्डों में अधिकृत अधिकारी की उपस्थिति में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पंजीयन शिविर का आयोजन सुनिश्चित कराया जाए, ताकि इच्छुक सुरक्षा कर्मियों का नियमानुसार पंजीयन किया जा सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से शिविर के आयोजन की आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा निर्धारित कार्यक्रम का अनुपालन करने को कहा है।

### नाली में गड़े बिजली के खंभे से, जल निकासी ठप - ग्रामीणों में आक्रोश

क्यूँ न लिखूँ सच / प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती। विकासखंड जमुनहा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चौरी कोटिया में बिजली विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव के पानी की निकासी के लिए वर्षों से बनी नाली के बीचों-बीच बिजली के खंभे को गाड़ देने से जल निकासी पूरी तरह ठप्प हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले गांव का सारा पानी इसी नाली से होकर बाहर निकल जाता था, लेकिन नाली में खंभा लग जाने से पानी का बहाव रुक गया है। नाली में गंदा पानी और कचरा भरा हुआ है और वही पानी सड़क पर फैल रहा है, जिससे होकर ग्रामीणों को आना-जाना पड़ रहा है। गंदगी और जलभराव से संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है।ग्रामीणों ने जिलाधिकारी श्रावस्ती और शासन-प्रशासन से मांग की है कि नाली में लगे खंभे को हटाकर अलग स्थान पर लगाया जाए, ताकि नाली की सफाई हो सके और पानी का आवागमन सुचारू रूप से हो सके व गांव में स्वच्छता बनी रहे।

# कस्टम इंस्पेक्टरों की दक्षता बढ़ाएगा एस एस बी का प्रशिक्षण कार्यक्रम,सशक्त बासठ - हर चुनौती पर विजय

क्यूँ न लिखूँ सच / प्रेमचंद जायसवाल /श्रावस्ती- कमांडेंट अमरेन्द्र कुमार वरुण, 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, भिनगा के कुशल दिशा-निर्देशन एवं मार्गदर्शन में 62वीं वाहिनी मुख्यालय, भिनगा में कस्टम विभाग के 47 इंस्पेक्टरों हेतु 10 दिवसीय वेपन ड्रिल एवं शारीरिक प्रशिक्षण (PT) कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर NICN, लखनऊ के असिस्टेंट डायरेक्टर राजीव पांडेय विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर वाहिनी के अधिकारियों एवं कार्मिकों द्वारा उनका स्वागत किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को वेपन ड्रिल, शारीरिक प्रशिक्षण (PT), अनुशासन, सुरक्षा संबंधी प्रक्रियाओं एवं ड्यूटी के दौरान आवश्यक सतर्कता और तत्परता से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण को व्यावहारिक एवं प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न शारीरिक एवं प्रशिक्षण गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों की दक्षता को और बेहतर किया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों की शारीरिक दक्षता, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं कार्यकुशलता में वृद्धि करने के साथ-साथ ड्यूटी के दौरान आवश्यक सतर्कता, त्वरित प्रतिक्रिया, सुरक्षा संबंधी जागरूकता एवं बेहतर समन्वय को सुदृढ़ करना है। सशस्त्र सीमा बल द्वारा आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विभिन्न सुरक्षा एवं प्रवर्तन एजेंसियों के बीच समन्वय, क्षमता निर्माण एवं पेशेवर दक्षता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम के अवसर पर 62वीं वाहिनी के अधिकारीगण एवं अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

# विकसित भारत संकल्प सभा व सेवा ज्योति यात्रा का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच / प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती। जनपद में केंद्र व राज्य सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के कारागार मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि (प्रभारी मंत्री) ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश विकास के नए आयाम छू रहा है। सरकार की प्राथमिकता समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि 2047 तक भारत को एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने का संकल्प है। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री ने विभिन्न योजनाओं (जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत, और किसान सम्मान निधि) के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र, चाबी व स्वीकृति पत्र वितरित किए। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर, कृषि प्रदर्शनी और स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण भी किया गया।समारोह में %सेवा ज्योति यात्रा% का स्वागत कर जन-सेवा के प्रति समर्पण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक, पंडित राम फेरन पांडे जिलाध्यक्ष, मिश्रीलाल वर्मा मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद व जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी जनपद श्रावस्ती प्रदीप कुमार त्रिपाठी, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अतुल कुमार, माता प्रसाद जयसवाल, रवि कुमार सहित भारी संख्या में पी आर डी के जवान, युवक मंगल दल एवं महिला मंगल दल मौजूद रहे।

# With sparkling eyes, a royal gait, and a sweet voice... Bollywood love stories pale in comparison to the desi romance of a Rajasthani Bindasi.

This Rajasthani folk song captures the heartfelt voice of a bride, ready to sacrifice everything for her husband. In the Rajasthani folk song "Boli Pyari Lage," a Bindasi beautifully describes her husband's sweet speech, Rajputana elegance, and royal demeanor. Indeed, Rajasthani folk songs have such a magical charm that they penetrate the listener's heart. When it comes to weddings and married life, every gathering feels incomplete without traditional songs. No matter how many modern love songs emerge, the simplicity and love reflected in Rajasthani folk songs are unmatched. One such melodious and love-filled folk song is "Boli Pyari Lage... Thari Surat Pyari Lage." This Rajasthani folk song is steeped in the romance of yesteryear: "Your voice is lovely, your face is lovely, Kesariya Banda, oh your voice is lovely. Hariyala Banda, oh your face is lovely." In these opening lines, the bride showers her husband with love, affectionately calling him "Kesariya Banda" and "Hariyala Banda." She says, "Oh my love, I find not only your looks, but your voice is also very sweet." This symbolizes that in married life, not only external beauty but also the sweet words of a partner strengthen and enhance a relationship. The bride is captivated by her husband's "fine glance." "Haathan mein talwaran, thare kaam kaara dagger sove, Kana ra gajmoti, mhane fine glance jove. O Raj Banna, your voice is lovely..." It is a magnificent depiction of Rajput grandeur and valor. The bride says, "The sword in your hand and the dagger at your waist enhance your masculinity and glory." The 'Gajmoti' (earrings) you wear enhance your beauty. However, what touches my heart the most is when you glance at me secretly with your sidelong glances. This line captures that sweet hesitation and the unspoken romance that happens through eyes. The 'kajal' in the groom's eyes has worked wonders. The bride on her forehead sleeps, Rupali behind the veil, Banna, your kajal has struck me deeply. O Raj Banna, your words seem lovely... These lines reflect traditional Rajasthani adornment. The bride says, "I am adorned with traditional jewellery and have taken out a beautiful veil that shines like silver. When I see the kajal in your eyes from behind this veil, it deeply touches my emotions." In other words, the groom's sparkling eyes are driving the bride's heart wild. This line reveals how, in ancient times, a whole world of love existed behind the veil. The last stanza holds the secret of a happy marriage: "Pagalyaan ri mojri sove, thari rajwadi hai chal, jove thari bindani, banna the ho mhaaro gulaal. Boli pyari laage, thari surat pyari laage..." The song concludes with a praise of the husband's royal style. The bride says, "Your Rajasthani mojri suits you very well, and your gait has a distinct royal charm. Your bindani is just gazing at you, because, O man, you are the 'gulal' of my life." Gulal here symbolizes joy, color, and love. The bride acknowledges that all the colors and happiness in her life are solely from her husband. "Boli pyari laage..." is not just a song, but the strong bond of a husband-wife relationship, built on sweet words, mutual respect, and small gestures. Even today, when this song is played in Rajasthani weddings, every bride looks for these qualities in her saffron attire.

# "Sonelo Garbo Sheere...": This Gujarati song brings everyone to their feet, telling the story of Maa Ambe's Garba Raas

Sonelo Garbo Sheere is a very famous Garba song. This song beautifully depicts Maa Ambe's Raas and Garba. The Navratri festival is an important part of Gujarati culture. During the nine days of Navratri, Maa Ambe is worshipped by performing Garba. In Gujarat, Navratri is considered incomplete without Garba. Therefore, at night, people perform Garba in a circle around a diya (earthen pot). The songs sung during Garba are called Garba songs. These songs extol the glory of Maa Ambe and are so mesmerizing that they bring everyone to their feet. "Sonelo Garbo Sheere..." is one of these Garba songs. This song is quite fun. Let's find out what it says and what is the meaning of this Garba song. The song begins with the words, "Sonelo Garbo Shere Ambe Maa, Chalo Dheere Dheere..." The devotees pray to Mother Ambe to walk slowly, as she is wearing a golden garba on her head. This golden garba holds great significance during Navratri, and devotees request Mother Ambe to walk slowly to admire her beauty. Mother Ambe Plays Garba - The song further depicts the scene of Mother Ambe performing Garba. When Mother Goddess performs Garba Raas on the southern bank, the scene is mesmerizing. Mother Ambe, along with her friends, plays "Fuddi" (a step in Garba performed by rotating in a circular motion), which is depicted in this song. Mother Ambe's Beautiful Appearance - The song further describes Mother Ambe's adornment. Mother's red chunni is shining. Her sweet smile and diamond necklace around her neck further enhance her beauty. The tune of cymbals, pakhawaj and manjira is rising along with the dance of the mother, which is making the atmosphere of Garba Raas more devotional. Garba song of the goddess - Garba is performed only for the worship of mother Ambe and considering it to be her form, a pot is kept in the middle, in which a lamp is lit. This pot itself is called Garba. This song has been composed describing the same Garba and Mother Ambe playing Garba. The tune of this song matches with the rhythm of Garba, which doubles the fun of this song.

# Make crispy bread rolls on a pan without deep-frying them, and you'll get the same taste as the ones you'd find at home.

You can make bread rolls on a pan without deep-frying them. These rolls are delicious and use less oil. Whether you're looking for something savory with evening tea or something fun for your kids' lunch, bread rolls are perfect for both occasions. Bread rolls are typically deep-fried, which can make people reluctant to eat them. However, you can make them on a pan with less oil. This method won't compromise their flavor or increase oil consumption. Let's learn the easy recipe for making pan-fried bread rolls. Ingredients for making Tawa Bread Rolls: Boiled potatoes - 4 Green chilies - 1-2 Ginger - 1/2 teaspoon Green peas - 2-3 teaspoons Coriander leaves - 2 teaspoons Red chili powder - 1/2 teaspoon Garam masala - 1/4 teaspoon Dry mango powder - 1/2 teaspoon Roasted cumin powder - 1/2 teaspoon Salt - to taste Bread slices - 8 Butter or oil - for frying Method for making Tawa Bread Rolls: 1. First, mash the boiled potatoes in a large bowl and add chopped green chilies, grated ginger, boiled peas, and coriander leaves. 2. Next, add red chili powder, garam masala, dry mango powder, roasted cumin powder, and salt to taste. Mix all the ingredients well and form them into small rolls. 3. Now, cut off the edges of the bread slices and lightly dip them in water and remove them. 4. Place the bread between your palms and press them lightly to remove all the water. 5- Now place the potato roll in the middle of the bread and cover the potato roll well by folding the bread from all sides. 6- Close the edges of the bread and heat a non-stick pan and apply butter on it. 7- Place the bread roll on the pan and cook it from both the sides on medium flame. 8- When the bread roll turns golden brown, remove it from the pan. 9- Serve the tawa bread rolls with coriander-mint green chutney or tomato ketchup.

# Mohsin Khan: Is the "Yeh Rishta Kya Kehlata Hai" actor married? His new post has fans' hearts racing.

TV actor Mohsin Khan has sent his fans into a frenzy by sharing a photo on Instagram. His fans are congratulating him. Former "Yeh Rishta Kya Kehlata Hai" star Mohsin Khan shared a photo with his fiancée Tamannaah on Instagram, sparking speculation. In the post, Mohsin is seen romantically dancing with his fiancée in a reception-like atmosphere. He captioned the post, "The Day Masha'Allah." Fans are eager to know if he has gotten married. Although Mohsin hasn't announced his wedding, fans are still congratulating him. What's in the post? In the photo, Mohsin Khan is seen dancing with his fiancée Tamannaah. He is wearing a white blazer and black pants, while Tamannaah is seen in a golden-brown lehenga. They have not shown their faces in the picture. Users said 'Mr. and Mrs. Khan' - Mohsin Khan's post is now going viral on social media and fans are congratulating him. Many people think that they have got married. Users have addressed Mohsin and Tamanna as 'Mr. and Mrs. Khan'. One user wrote, 'Muhsin and Tamanna, congratulations to you. May you both be happy forever. The journey of eternity begins now! May the evil eye not fall upon you.' Another user commented, 'Congratulations, may you both be happy forever, Ameen summa Ameen.' Mohsin got engaged Earlier, Mohsin Khan had announced his engagement with Tamanna by posting stunning pictures of his engagement. He had called his partner God's blessing. He wrote, 'Allahumma Barik. Ya Allah, this sweet, beautiful, confident and sensitive girl, who is always laughing, smiling and teasing, has hopes and prays, is always dancing and singing, was written for me by God.' Mohsin's work front - Talking about professional life, Mohsin Khan has worked in many TV shows like 'Nisha aur Uske Cousins', 'Dream Girl - Ek Ladki Deewani Si', 'Pyaar Tune Kya Kiya', 'Yeh Rishta Kya Kehlata Hai'. He got a lot of fame with the role of Kartik Goenka in 'Yeh Rishta Kya Kehlata Hai'.

# After Salman and Neha, actress objects to paparazzi taking photos of her backside

After Neha Dhupia and Salman Khan, Neetu Kapoor has now objected to paparazzi taking photos of her backside. She sarcastically questioned the cameraman. Veteran Bollywood actress Neetu Kapoor has questioned the paparazzi's practice of asking actresses to pose with their backs to the camera. She was spotted in Mumbai on Sunday. She took a jab at the photographers' request to take photos from behind, asking if they particularly enjoy taking such shots. Neetu Kapoor questioned the cameraman: As Neetu Kapoor exited a venue and was walking towards her car, the photographers present there asked her to pose with her back to the camera. Instead of doing so, the actress turned around and sarcastically questioned them about the request. Neetu replied, "You like that a lot, don't you, 'back'?" The paparazzi replied in the negative. Neetu then got into her car and closed the door. Neha Dhupia objected to back shots - Neetu Kapoor's reaction comes after Neha Dhupia objected to photographers taking inappropriate back shots of actresses. During an awards event in Mumbai, Neha questioned the paparazzi and expressed her displeasure, saying, "Who among you takes back shots so rudely? Stop it." Neha clarified that her objection was not limited to her own experience. She said that she was speaking on behalf of women who had repeatedly asked the photographers to stop and who were "tired of saying it again and again." Salman Khan supported Neha Dhupia - Salman Khan also spoke on the issue on "Bigg Boss 20." Speaking about intrusive photography, the actor mentioned Neha Dhupia's stance and said that she had "fought against it." Salman urged women who feel uncomfortable with such images to speak up for their rights. He suggested that women should slap the photographer if they see such an act.

# After taking a selfie, a fan acted in a manner that infuriated social media users.

Something happened to actress Rachita Ram, a video of which has gone viral on social media. Users are reacting to the incident with mixed reactions. Famous Kannada actress Rachita Ram celebrated her birthday on October 3rd. Known as the "Dimple Queen" among her fans, the actress recently met with several fans outside her home in Bengaluru and posed for photos with them. An awkward situation arose when a fan pulled her cheek while taking a selfie. What's in the viral video? Rachita Ram's video is viral on social media. The video shows the actress posing for a selfie with the fan. The fan then shakes hands with her. As she leaves, he grabs her cheek and pulls it. Rachita is taken aback for a few seconds, then smiles. The video has received mixed reactions on social media. Users commented on the video: Many users questioned whether fans sometimes cross personal boundaries when meeting celebrities. Meanwhile, some praised Rachita for remaining calm and continuing her birthday celebrations with fans. One user wrote, "This is harassment." Another agreed, saying, "She may be smiling or showing courage, but deep down she may be upset. Fans should respect boundaries." One comment read, "Never touch a stranger, whether male or female. It's basic manners. Why touch someone you don't even know?" Another person wrote, "She handled it well." Rachita recently appeared in the Tamil film "Coolie," starring Rajinikanth in the lead role. It was her first film in Tamil cinema. She played Kalyani in the film, a character that generated considerable discussion, trolling, and memes after the film's release. "Coolie" is the story of a former coolie union leader who seeks to uncover the truth behind the death of an old friend. It became the highest-grossing Tamil film of 2025.